राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# तरुणमित्र

श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

वर्ष : 48 अंक 240
जौनपुर, मंगलवार
16 जून 2026

तापमान
अधिकतम / न्यूनतम
41°C | 31°C

मूल्य 3.00 रुपये पृष्ठ-8 | जौनपुर, अयोध्या, लखनऊ, पटना (बिहार), ठाणे (महाराष्ट्र), भोपाल (मप्र) से प्रकाशित | www.tarunmitra.in

सुदीक्षा ई.एन.टी. क्लीनिक & थायरॉइड सेन्टर
कान पर्दे की सुराख का बिना आपरेशन इलाज
सभी प्रकार के नाक, कान, गला थायराइड एवं मुख कैंसर रोग का इलाज व आपरेशन की सुविधा
डॉ. बृजेश कन्नौजिया
M.B.B.S., M.S.(ENT) (गोल्ड मेडलिस्ट)
नाक, कान, गला, थायरॉइड एवं मुख कैन्सर सर्जन
डॉ. एकता कन्नौजिया
B.H.M.S., C.G.O.
नाक, कान, गला एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
नईगंज तिराहा (कुमार पेट्रोल पम्प के सामने), जौनपुर Mob.:8115484636

पूर्वांचल का सर्वश्रेष्ठ प्रतिष्ठान
गहना कोठी™
भगेलू राम रामजी सेठ
Since 1946
भारत सरकार द्वारा प्रमाणित HUID BIS Hallmark Gold & IGI Certified Diamond Jewellery Showroom
शुद्धता ही हमारी परम्परा है
1st Prize मारुति सुज़ुकी डिज़ायर
2nd Prize मारुति बलेनो
3rd Prize मारुति वैगन आर
प्रत्येक 10000/- तक की खरीद पर पाएं लकी ड्रा कूपन और ढेरों ईनाम जीतने का मौका
कचहरी रोड, कलेक्ट्री तिराहा के पास, आधुनिक मिष्ठान के सामने जौनपुर, यूपी 9838545608, 7355037762, 8317077790
सद्भावना पुल रोड, नखास, ओलन्दगंज, जौनपुर 9838545608, 7355037762, 8317077790
हनुमान मंदिर के सामने कोतवाली चौराहा, जौनपुर 9984991000, 9792991000, 9984361313

Redefining Education
Umanath Singh Hr. Sec. School
www.unsschool.in
REGISTRATION FOR ADMISSION (2026-27) OPEN Play Group to Class IX & XI
Peaceful & Good Environment
Loving & Caring Teachers
Activity Oriented Curriculum
Creative Education Plan
A Senior Sec. School Affiliated to CBSE New Delhi
The Choice of Winner
Special Orientation for NTSE Olympiad, KVPY, NEET & JEE
Transport Facility Available
Shankarganj, Maharupur, Jaunpur - 222180
9415234208, 9648531617, 9839155647, 8808794452
Principal-Dr. Bruno D.Nazareth

## बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर अज्ञात वाहन से टकराई बाइक, तीन दोस्तों की मौत

**तेज गति और हेलमेट न पहनना हादसे का कारण**

**बांदा, 15 जून।** बांदा में बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर भीषण सड़क हादसा हो गया। इस हादसे में तीन दोस्तों की मौत हो गई। तीनों दोस्त एक ही बाइक पर सवार थे। बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर रविवार को देर रात 12 बजे अमावस्या पर चित्रकूट जा रहे तीन दोस्तों की बाइक अनियंत्रित होकर अज्ञात वाहन से टकरा गई। इस हादसे में बाइक सवार तीन दोस्तों की मौत हो गई। घटना के बाद एक्सप्रेसवे की एंबुलेंस मदद के लिए मौके पर पहुंची है। तीनों को बदौसा पीएचसी ले जाया गया है। यहां चिकित्सकों ने तीनों के मौत की पुष्टि की है। पुलिस के अनुसार तीनों हेलमेट पहने होते तो जान बच सकती थी। दिवंगत की पहचान 30 वर्षीय संजय ,35 वर्षीय रामबाबू पटेल और 35 वर्षीय अरविंद रैकवार के रूप में हुई है। ये तीनों बांदा के ग्राम कोरारी थाना बिसंडा के निवासी थे और अमावस्या पर चित्रकूट जा रहे थे। हादसा बिसंडा क्षेत्र के एक्सप्रेसवे में हुआ है। सीओ यातायात सौरभ सिंह के अनुसार, तेज गति और हेलमेट न पहनना हादसे का प्राथमिक कारण है। टक्कर इतनी भीषण थी कि दो की मौत मौके पर हुई, जबकि तीसरे ने बदौसा सीएचसी में दम तोड़ा है। पुलिस ने अज्ञात वाहन की तलाश शुरू की है।



## 'जल्द बनेंगे मेड इन इंडिया सिविल एयरक्राफ्ट'

**नोएडा में केंद्रीय मंत्री राम मोहन नायडू का बड़ा एलान**

**ग्रेटर नोएडा, 15 जून।** केंद्रीय नागर विमानन मंत्री के राम मोहन नायडू ने सोमवार को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से कमर्शियल उड़ान के शुभारंभ के मौके पर कहा कि भारत में एविएशन सेक्टर तेजी से बढ़ रहा है। एयरक्राफ्ट की जरूरत को पूरा करने के लिए मेड इन इंडिया क्राफ्ट होंगे।

उन्होंने कहा कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की शुरू होने से क्षेत्र में आर्थिक तरक्की होगी विकास के नए आयाम खोलेंगे और युवाओं के लिए रोजगार के बड़े अवसर मिलेंगे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन आम आदमी के लिए हवाई यात्रा का है। उड़ान योजना के तहत पूरे देश में एयरपोर्ट का नेटवर्क तैयार किया गया है। उन्होंने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से यात्री सेवाओं से शुरू होने को गौरव का क्षण बताया। लखनऊ से उड़ान भरकर नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर आई पहले इंडिगो की फ्लाइट से पहुंचे विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि जब भी वह विदेश यात्रा पर औद्योगिक मंत्री रहते हुए गए तो उद्यमियों ने कहा कि वह दिल्ली पर लैंड के बाद दक्षिण जाते हैं, लेकिन अब उत्तर प्रदेश में लैंड करने के साथ निवेश के लिए लैंड भी है। उन्होंने कहा कि पहले कागजी काम होते थे अब इन्हें मूर्त रूप दिया जा रहा है । लखनऊ रवाना हुए किसान भी अपनी यात्रा को लेकर बेहद उत्साहित नजर आए। हालांकि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंचे कई यात्रियों ने टैक्सी सेवा को लेकर शिकायतें भी की।



## यूपी में हर बच्चे को स्कूल भेजेगी योगी सरकार

**एक जुलाई से अभियान का दूसरा चरण शुरू, निर्देश जारी**

**लखनऊ, 15 जून।** उत्तर प्रदेश में एक जुलाई से स्कूल चलो अभियान का दूसरा चरण शुरू होगा। इसके तहत स्कूल जाने की आयु के प्रत्येक बच्चे का नामांकन सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही कक्षा पांच से छह, कक्षा आठ से नौ और कक्षा 10 से 11 में सभी विद्यार्थियों के प्रवेश की जिम्मेदारी संबंधित प्रधानाध्यापकों को सौंपी गई है। अपर मुख्य सचिव बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा ने इस संबंध में सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों और मंडलीय संयुक्त शिक्षा निदेशकों को निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने राजकीय शिक्षकों के स्थानांतरण और समायोजन की प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता के साथ तय समय में पूरा करने को कहा है। समग्र शिक्षा और पीएम श्री योजना के तहत लंबित भुगतान 30 जून तक निपटाने व कार्यों को जल्द पूरा कराने के निर्देश भी दिए गए हैं।

प्रयोगशालाओं के उपकरणों का सत्यापन कर सभी लैब को क्रियाशील बनाने पर जोर दिया गया है। प्रोजेक्ट अलंकार, नए मिनी स्टेडियम और 44 इंडोर मिनी स्टेडियमों से जुड़े कार्यों की प्रगति तेज करने को कहा गया है।

वहीं, शैक्षिक कैलेंडर के अनुसार नियमित पठन-पाठन, मूल्यांकन और आनलाइन उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं। लगातार अनुपस्थित विद्यार्थियों के अभिभावकों से संपर्क भी किया जाएगा। ड्रीम लैब परियोजना, प्रोजेक्ट प्रवीण और बीएड विद्यार्थियों की इंटर्नशिप की नियमित निगरानी करने को कहा गया है। वर्षा ऋतु को देखते हुए सभी जर्जर भवनों पर लाल निशान लगाकर उन्हें एबंडंड घोषित करने तथा उनके उपयोग पर पूरी तरह रोक लगाने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही जिला विद्यालय निरीक्षक को हर माह प्रधानाचार्यों के साथ वर्चुअल संवाद कर पठन-पाठन, उपस्थिति और व्यावसायिक शिक्षा की समीक्षा करने को कहा गया है।

## 'इंदिरा गांधी होतीं तो बीजेपी को बैन कर देतीं'

**अशोक गहलोत ने भाजपा पर लगाया सांप्रदायिक राजनीति का आरोप**

**जयपुर, 15 जून।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) पर सांप्रदायिक राजनीति करने का आरोप लगाकर नए विवाद को जन्म दे दिया है। उन्होंने कहा कि अगर आज इंदिरा गांधी जिंदा होतीं तो बीजेपी को बैन कर दिया होता।

इस पर पलटवार करते हुए बीजेपी ने कांग्रेस पर हिंदुओं के प्रति नफरत रखने और मुसलमानों का पक्ष लेने का आरोप लगाया है। कल जयपुर में एक पुरस्कार समारोह में बोलते हुए गहलोत ने दावा किया कि आज देश का माहौल बेहद खतरनाक है, ऐसा उन्होंने अपने 50 साल के सार्वजनिक जीवन में कभी नहीं देखा। उन्होंने कहा, 'अगर इंदिरा गांधी जैसी नेता आज जिंदा होतीं तो वह बीजेपी जैसी पार्टी पर प्रतिबंध लगा देतीं। मैं पूरी जिम्मेदारी के साथ कह रहा हूं कि आज का माहौल बेहद खतरनाक है। अगर देश अब भी नहीं जागा तो देश के लोगों को ही बाद में इसके नतीजे भुगतने पड़ेंगे।' राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री ने आगे आरोप लगाया कि आज सत्ता में बैठे लोग जानबूझकर धार्मिक ध्रुवीकरण कर रहे हैं। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि बीजेपी उत्तर प्रदेश चुनावों में मुस्लिम उम्मीदवारों को टिकट देने में क्यों नाकाम रही। उन्होंने सवाल करते हुए कहा, 'आप देश की जनता को दिखाने के लिए ही सही पांच सीटें तो दे सकते थे। लेकिन आप यह दिखाना चाहते हैं कि हम पूरी तरह से हिंदुत्ववादी पार्टी हैं। जिनकी सोच ही हिंदुत्व समर्थकों को उकसाकर राज करने की हो अगर इंदिरा गांधी जैसी कद्दावर नेता आज जीवित होतीं तो वे बीजेपी जैसी पार्टी पर प्रतिबंध लगा देतीं। क्या आप सिर्फ हिंदुत्व के एजेंडे पर पार्टी चलाएंगे? क्या आप सिर्फ हिंदुओं के नाम पर राजनीति करना चाहते हैं?'



## सुप्रीम कोर्ट पहुंचा अयोध्या राम मंदिर चंदा विवाद


**❖ एफआईआर दर्ज कर कोर्ट की निगरानी में सीबीआई जांच की मांग**

**नई दिल्ली, 15 जून।** अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर में दिए गए दान और चढ़ावे के गलत इस्तेमाल का मामला अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। लगाए गए आरोपों पर एफआईआर दर्ज करने और कोर्ट की निगरानी में जांच के निर्देश देने के लिए सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दी गई है।

भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) को संबोधित यह अर्जी एडवोकेट-ऑन-रिकॉर्ड अनूप प्रकाश अवस्थी ने दायर की थी। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट से अपील की कि वह सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (सीबीआई) जैसी किसी बड़ी जांच एजेंसी से स्वतंत्र जांच का आदेश देने पर विचार करे, जो सीधे सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में हो। यह कहते हुए कि यह मामला लाखों लोगों की आस्था और भरोसे से जुड़ा है, अर्जी में कहा गया है कि राम मंदिर से जुड़े दान के पैसे में कथित गड़बड़ी, गलत इस्तेमाल या गायब होने की हालिया खबरों ने देश और विदेश में भक्तों के बीच चिंता पैदा कर दी है। इसमें यह भी कहा गया है कि भले ही उत्तर प्रदेश सरकार ने एक स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) बनाई है, लेकिन औपचारिक आपराधिक जांच और एफआईआर न होने से इस मामले पर संस्थागत प्रतिक्रिया को लेकर सवाल उठे हैं।

अर्जी में कहा गया, 'मैं किसी व्यक्ति, संस्था या अथॉरिटी के बारे में पहले से कोई राय नहीं बनाना चाहता। न ही मेरा मकसद ट्रस्ट पर कोई आरोप लगाना है, जिसके सदस्यों ने बहुत कीमती सेवा की है। हालांकि, आरोपों की गंभीरता और शामिल संस्था के असाधारण महत्व को देखते हुए सामान्य मानकों से कहीं ज्यादा पारदर्शिता और विश्वसनीयता की जरूरत है।' मंदिर के महत्व का जिक्र करते हुए अर्जी में कहा गया है कि भक्तों का योगदान पवित्र चढ़ावा है जो संस्था में आस्था और भरोसे को दिखाता है और ऐसे दान से जुड़े कोई भी आरोप सामान्य वित्तीय विवाद से कहीं बड़े होते हैं।

इसमें आगे कहा गया, 'श्री राम जन्मभूमि मंदिर में दिए गए चढ़ावे से जुड़ा मामला सामान्य वित्तीय गड़बड़ी के सवालों से कहीं ऊपर है। यह अनगिनत भक्तों की आस्था से जुड़ा है। यह अनगिनत भक्तों की आस्था से जुड़ा है। मुद्दा सिर्फ यह नहीं है कि कोई आर्थिक नुकसान हुआ है या नहीं। बल्कि मुद्दा यह है कि दुनिया के सबसे सम्मानित धार्मिक संस्थानों में से एक के प्रबंधन पर जनता का भरोसा बना हुआ है या नहीं।'



## शिक्षक भर्ती घोटाला मामले में फंसे टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी, ईडी दफ्तर में हुई पूछताछ

**कोलकाता, 15 जून।** पश्चिम बंगाल की राजनीति में जारी सियासी सरगर्मी के बीच एक बड़ी खबर सामने आ रही है। बंगाल के बहुचर्चित प्राथमिक शिक्षक भर्ती घोटाले में रुपयों के अवैध लेनदेन की जांच के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) आज तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी से पूछताछ कर रही है। अभिषेक बनर्जी आज सुबह करीब 11:00 बजे कोलकाता स्थित ईडी के दफ्तर पहुंचे, जहां जांच अधिकारियों ने उनसे इस मामले को लेकर पूछताछ शुरू की। इस शिक्षक भर्ती घोटाले की जांच के दौरान अभिषेक बनर्जी की कंपनी 'लिप्स एंड बाउंड्स' का नाम सामने आया था। आरोप है कि इस कंपनी के जरिए रुपयों का संदिग्ध लेनदेन हुआ है। कंपनी का नाम सामने आने के बाद से ही अभिषेक बनर्जी इस पूरे घोटाले की जांच के दायरे में आ गए हैं और इसी सिलसिले में आज केंद्रीय एजेंसी उनसे सवाल-जवाब कर रही है।



**आवश्यकता है**

भारती विद्या मन्दिर जूनियर हाईस्कूल अहियापुर, जौनपुर को चार सहायक अध्यापक/अध्यापिकाओं की, जो विज्ञान, गणित, अंग्रेजी एवं कम्प्यूटर पढ़ा सकें। सम्पर्क करें-

-प्रबन्धक
9452984488

अपने पुराने बैंक खाते में पैसे जमा करके भूल गए?



जो आपका है उसे वापस दिलाने में आरबीआई आपकी मदद करेगा।

आपके बैंक के निष्क्रिय खाते (2 वर्ष से ज़्यादा और 10 वर्ष तक असक्रिय) में जमा पैसे / दावा न की गई जमा राशि (10 वर्ष से अधिक) को आरबीआई के डीईए फंड में ट्रांसफर कर दिया जाता है। आप या आपके क़ानूनी वारिस उसे कभी भी वापस ले सकते हैं।

आपके पैसे वापस पाने के 3 आसान चरण

1. आपके बैंक की किसी भी शाखा में जाएं, भले ही वो आपकी नियमित शाखा न हो।
2. केवाईसी दस्तावेजों (आधार, पासपोर्ट, मतदाता पहचान पत्र या ड्राइविंग लाइसेंस) के साथ फॉर्म जमा करें।
3. सत्यापन के बाद ब्याज समेत, यदि है तो, अपने पैसे वापस पाएं।




आपके दावा न किए गए पैसे के बारे में जानने के लिए

आपके बैंक की वेबसाइट पर खोजें या आरबीआई के UDGAM पोर्टल (https://udgam.rbi.org.in) पर देखें, जिसमें फ़िलहाल 30 बैंक शामिल हैं।

अधिक जानकारी के लिए https://rbikehtahai.rbi.org.in देखिए
प्रतिक्रिया के लिए rbikehtahai@rbi.org.in पर लिखिए
क्यूआर कोड स्कैन कीजिए
आधिकारिक व्हॉट्सऐप नंबर 99990 41935

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के अवसर पर योग सप्ताह का शुभारंभ

**सोनभद्र।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 के उपलक्ष्य में जनपद सोनभद्र में योग सप्ताह का शुभारंभ कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित कार्यक्रम के साथ किया गया। मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी ने क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. विश्वकर्मा तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इसके उपरांत उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं प्रतिभागियों ने सामान्य योग प्रोटोकॉल के अनुसार सामूहिक योगाभ्यास किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी ने कहा कि योग भारत की प्राचीन एवं गौरवशाली परंपरा है, जिसने आज वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान स्थापित की है। योग न केवल शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाता है, बल्कि संतुलित एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा भी देता है। कार्यक्रम में बताया गया कि 15 जून से 21 जून 2026 तक पूरे जनपद में योग सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान चित्रकला प्रतियोगिता, योग जागरूकता अभियान तथा सामूहिक योग सत्रों का आयोजन किया जाएगा।

### अर्थदंड की धनराशि में से आधी पीड़िता को मिलेगी

## दुष्कर्म के दोषी ओझा समेत दो को आजीवन कारावास की सजा



**तरूणमित्र न्यूज**

**सोनभद्र।** करीब 9 वर्ष पूर्व ओझाई करने के लिए महिला को एकांत में ले जाकर जबरन दुष्कर्म किए जाने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी/सीएडब्लू , सोनभद्र बिपिन कुमार तृतीय की अदालत ने सोमवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी ओझा जगदेव शर्मा उर्फ जयदेव शर्मा व सहयोगी लालू शर्मा उर्फ जनार्दन शर्मा को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। प्रत्येक के ऊपर एक लाख 500 रूपये अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड अदा न करने पर 6-6 माह की अतिरिक्त कठोर कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित होगी। वहीं अर्थदंड की धनराशि में से आधी धनराशि पीड़िता को मिलेगी।

अभियोजन पक्ष के मुताबिक वाराणसी जिला अंतर्गत चौबेपुर थाना क्षेत्र निवासी पीड़िता ने 27 अप्रैल 2017 को रॉबर्ट्सगंज थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि वह शादीशुदा है और दो बच्चों की मां है। उसके पति नाई की दुकान चलाते हैं। तीन-चार दिन पहले वह अपने मायके चंदौली जिले में आई है। कुछ दिनों से वह बीमार चल रही है। 26 अप्रैल 2017 को उसका भाई ओझा जगदेव शर्मा उर्फ जयदेव शर्मा पुत्र प्यारेलाल निवासी झपरी, थाना रॉबर्ट्सगंज, जिला सोनभद्र के यहां लालू शर्मा उर्फ जनार्दन शर्मा पुत्र अमरनाथ शर्मा निवासी दाऊदपुर, थाना चकिया, जिला चंदौली के साथ ले गए थे। ओझा जगदेव शर्मा उसे देखा तो धार दिलाने के लिए उसे अकेले में रात करीब 11 बजे सुनसान जगह पर लेकर गया और उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। किसी से बताने पर जान मारने की धमकी भी दिया। इस तहरीर पर रॉबर्ट्सगंज कोतवाली पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दिया। विवेचना के दौरान पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने जगदेव शर्मा व सहयोगी लालू शर्मा के विरुद्ध कोर्ट में दुष्कर्म, जान मारने की धमकी व आपराधिक षडयंत्र में चार्जशीट दाखिल किया था।

मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, 9 गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दुष्कर्म के दोषी जगदेव शर्मा व लालू शर्मा को आजीवन कारावास एवं प्रत्येक पर एक लाख 500 रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 6-6 माह की अतिरिक्त कठोर कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित होगी। वही अर्थदंड की धनराशि में से आधी धनराशि पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष की ओर से सरकारी वकील सत्यप्रकाश त्रिपाठी ने बहस की।

## आपदा जागरूकता के लिए जनपद में चलाया जा रहा विशेष अभियान

**सोनभद्र।** मानसून एवं आपदा की स्थिति को देखते हुए जिलाधिकारी चर्चित गौड़ के निर्देशन में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, सोनभद्र एवं जिला पंचायत विभाग द्वारा जनपद में विशेष जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत ग्राम पंचायत सचिवालयों, सार्वजनिक स्थलों, नदी तटों, जलाशयों एवं अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में डूबने से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए सुरक्षा संबंधी संदेश, सावधानियां एवं क्या करें, क्या न करें संबंधी महत्वपूर्ण स्लोगन साइन बोर्ड एवं दीवार लेखन के माध्यम से प्रदर्शित किए जा रहे हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि वर्षा ऋतु के दौरान नदी, तालाब एवं जलाशयों के जलस्तर में वृद्धि होने से दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। ऐसे में लोगों को जागरूक एवं सतर्क रहना अत्यंत आवश्यक है। इसी उद्देश्य से जनपद के विभिन्न स्थानों पर चेतावनी एवं जागरूकता संदेश प्रदर्शित कर आमजन को सुरक्षित व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

उन्होंने जनपदवासियों से अपील की कि नदी एवं जलाशयों के समीप अनावश्यक रूप से न जाएं, बच्चों पर विशेष निगरानी रखें तथा प्रशासन द्वारा जारी सुरक्षा निर्देशों का पालन करें। साथ ही सार्वजनिक स्थलों पर लगाए गए संदेशों एवं सुझावों को ध्यानपूर्वक पढ़कर उनका अनुपालन करें।

## एनसीएल की 48वीं त्रिपक्षीय सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न



**सोनभद्र।** नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) मुख्यालय में सोमवार को 48वीं त्रिपक्षीय सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता महानिदेशक, डीजीएमएस उज्ज्वल ता ने की। इस अवसर पर उप महानिदेशक, डीजीएमएस (उत्तरी क्षेत्र), गाजियाबाद नीरज कुमार, सीएमडी एनसीएल बी. साईराम, निदेशक (मानव संसाधन) मनीष कुमार, निदेशक (तकनीकी) आशुतोष द्विवेदी, डीएमएस (खनन), वाराणसी क्षेत्र रघुपति पेद्दिरेड्डी, डीएमएस (मैकेनिकल), उत्तरी क्षेत्र, गाजियाबाद के. विजयकुमार, डीएमएस (इलेक्ट्रिकल), उत्तरी क्षेत्र, गाजियाबाद वी बेहरा , डीडीएमएस (इलेक्ट्रिकल) सुनील बी योहनान, शर्मा रंजन, अनिल जैन एवं डीडीएमएस (मैकेनिकल) अनिल चौधरी सहित डीजीएमएस के अन्य प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। बैठक में श्रमिक संघ जेसीसी सदस्य अजय कुमार, श्यामधर दुबे, लाल पुष्पराज सिंह, अशोक कुमार पांडेय, सीएमओएआई के अध्यक्ष एस.के. पांडे एवं महासचिव सर्वेश सिंह, सेफ्टी बोर्ड के सदस्यगण , सभी क्षेत्रों के महाप्रबंधक तथा मुख्यालय के विभागाध्यक्ष भी सम्मिलित हुए।

बैठक को संबोधित करते हुए डीजी, डीजीएमएस उज्ज्वल ता ने एनसीएल को वित्त वर्ष 2025-26 में उत्पादन लक्ष्यों की पूर्ति हेतु व राष्ट्र की ऊर्जा सुरक्षा में अभूतपूर्व योगदान देने हेतु बधाई दी। उन्होंने अनुशासनयुक्त कार्य संस्कृति को सुरक्षा का मूल मंत्र बताया। उप महानिदेशक, डीजीएमएस (उत्तरी क्षेत्र), गाजियाबाद नीरज कुमार ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि नए दृष्टिकोण के साथ प्राप्त सुझाव सुरक्षा प्रबंधन को और अधिक प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण हैं तथा उनका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

उन्होंने स्पष्ट कार्ययोजना, दृढ़ इच्छाशक्ति और गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण पर बल दिया। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में सीएमडी एनसीएल बी. साईराम ने विद्युत सुरक्षा को सुदृढ़ करने तथा संविदा कर्मियों के लिए उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं को और सशक्त बनाने पर बल दिया।

इस दौरान उन्होंने सीएचपी की संरचनात्मक स्थिरता के नियमित आकलन,विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रमों, ओईएम प्रशिक्षण जैसी एनसीएल की पहलों का जिक्र किया। इस दौरान डीजीएमएस के अधिकारियों एवं श्रमिक संघ प्रतिनिधियों ने भी सुरक्षा में निरंतर सुधार संबंधी अपने सुझाव प्रस्तुत किए। बैठक में एक विस्तृत सुरक्षा प्रतिवेदन भी प्रस्तुत किया गया, जिसमें पिछली बैठक के अनुपालन प्रतिवेदन के साथ एनसीएल खदानों में सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु किए जा रहे विभिन्न कार्यों की जानकारी दी गई। बैठक में शून्य क्षति दक्षता प्राप्त करने हेतु सुरक्षा शपथ भी दिलाई गई। बैठक से पूर्व राष्ट्र की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए शहीद हुए श्रमिक साथियों को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम का समन्वय एवं अतिथियों का स्वागत महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं बचाव) आर.एस. भदौरिया द्वारा किया गया तथा धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबंधक (ई एंड एम) डी दंडोतिया द्वारा किया गया।

## आईजीआरएस शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर डीएम का विशेष जोर

### समयबद्ध कार्रवाई एवं शिकायतकर्ताओं की संतुष्टि बढ़ाने के दिए निर्देश



**तरूणमित्र न्यूज**

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित जनसुनवाई कक्ष में आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा की।

श्री गौड़ ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए तथा शिकायतकर्ताओं की संतुष्टि का प्रतिशत अधिक से अधिक बढ़ाया जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में केवल औपचारिकता न बरती जाए, बल्कि संबंधित शिकायतकर्ता से संपर्क स्थापित कर, आवश्यकतानुसार उनसे मुलाकात कर तथा उनका फीडबैक प्राप्त करते हुए प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप शिकायतों का पारदर्शी एवं संतोषजनक निस्तारण प्राथमिकता पर किया जाना चाहिए।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने राजस्व भूमि संबंधी शिकायतों के परीक्षण की प्रगति की भी समीक्षा की। बताया गया कि परीक्षण हेतु प्राप्त कुल 6545 प्रकरणों में से अब तक 5902 शिकायतों का परीक्षण किया जा चुका है जबकि 643 प्रकरणों का परीक्षण शेष है। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित सभी प्रकरणों का शीघ्र परीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें, ताकि शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत शिकायतों का निस्तारण किया जा सके।

उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि शिकायत निस्तारण कार्य में किसी प्रकार की शिथिलता अथवा लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा सभी अधिकारी इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

## अधिमास अवसर पर कोटारनाथ मंदिर में उमड़ी भक्तों की भारी भीड़

**मीरजापुर।** जिले के अंतिम छोर पर स्थित हलिया विकास खंड़ क्षेत्र के विख्यात कोटार नाथ महादेव मंदिर पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी रहीं। जहां मध्यप्रदेश के रीवा, मऊगंज, सीधी सहित मिर्ज़ापुर, प्रयागराज जनपदों के कोने कोने से हजारों की संख्या में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। पहाड़ी नदी अदवा के तट पर स्थित प्राचीन कोटारनाथ मंदिर का अपना एक अलग महात्म्य है सावन सहित विभिन्न पर,पर्व त्यौहार पर भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ती है तो बरसात के दिनों में यहां का सुहाना मौसम और प्राकृतिक छटा देखते ही बनती है। सोमवार को आखिरी अधि मास के अवसर पर आवाज फाउंडेशन द्वारा भक्तों की भारी भीड़ और प्रचंट गर्मी के तेवर को देखते हुए आम का जूस सर्वत आदि की व्यवस्था कर संस्था शिविर लगाकर भक्तों को आम का जूस पिलाया गया। कार्यक्रम का आयोजन संस्था सचिव जितेन्द्र बहादुर सिंह के मार्गदर्शन में हुआ। जिसमें नीरज सिंह, समाजसेवी व स्वयंसेवक राजनारायण, राम कैलाश, लालजी रामनाथ आदि लोगों का सराहनीय योगदान रहा।

## अधिशासी अभियंता के वेतन भुगतान पर रोक

### जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की डीएम की अध्यक्ष में बैठक संपन्न



**तरूणमित्र न्यूज**

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी चर्चित गौड़ की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं विद्यालयों में उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत जिन विद्यालयों में अभी तक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं, उन्हें शीघ्र संतृप्त किया जाए। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिया कि जिन विद्यालयों में पेयजल, शौचालय, रैंप, यूरिनल एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं अनुपलब्ध हैं अथवा खराब स्थिति में हैं, उनकी मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित कराया जाए।

जिलाधिकारी ने विद्यालयों में विद्युतीकरण कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिशासी अभियंता पिपरी द्वारा प्रस्तुत जानकारी का सत्यापन दूरभाष के माध्यम से कराया। सत्यापन में जानकारी असत्य पाए जाने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिशासी अभियंता पिपरी के वेतन भुगतान पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने तथा अधीक्षण अभियंता विद्युत को चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भविष्य में भ्रामक एवं तथ्यहीन जानकारी देने पर और कठोर कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में जिलाधिकारी ने विद्यालयों में नियमित साफ-सफाई, फर्स्ट एड बॉक्स की उपलब्धता, शत-प्रतिशत विद्युतीकरण तथा गुणवत्तापूर्ण मिड-डे मील व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालय खुलने के बाद जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा नियमित निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को भी कहा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, जिला पंचायत राज अधिकारी नामित शरण, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनंद पाण्डेय, जिला विद्यालय निरीक्षक जयराम सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## 10 किलो 264 ग्राम गांजा के साथ गांजा तस्कर गिरफ्तार

**मीरजापुर।** अवैध शराब कारोबार पर कार्रवाई के बाद मीरजापुर पुलिस गांजा तस्कर गिरोह के एक व्यक्ति को गिरफ्तार करते हुए उसके कब्जे से भारी मात्रा में गांजा बरामद किया है। पुलिस उपाधीक्षक लालगंज के मुताबिक गांजा तस्कर बाइक से गांजा लेकर कहीं जा रहा था कि तभी पुलिस ने उसे पकड़ लिया। जानकारी के मुताबिक पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन व क्षेत्राधिकारी लालगंज के नेतृत्व में थाना जिगना पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना जिगना क्षेत्रांतर्गत ग्राम भिलगौर तिराहा के पास से बाइक सवार कुलदीप सिंह 35 वर्ष पुत्र श्रीजीत सिंह निवासी गौरा को 10 किलो 264 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार करते हुए उसे जेल भेजा है। पुलिस ने उसकी बाइक को भी सीज कर दिया है। पुलिस के मुताबिक वह आसपास के एरिया सहित पड़ोस के जनपद भदोही और प्रयागराज जनपद में भी गांजा की खेप पहुंचा रहा था।

### 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पहले योग सप्ताह शुरू, 21 जून तक चलेंगे विविध कार्यक्रम

## योग स्वस्थ समाज निर्माण का सशक्त माध्यम : डीएम



**भदोही।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयुष विभाग व जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को रिजर्व पुलिस लाइन ज्ञानपुर में सात दिवसीय योग सप्ताह' का भव्य शुभारंभ हुआ। 15 से 21 जून तक चलने वाले इस सप्ताह की थीम स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग रखी गई है।

इस दौरान मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मिश्र, डीएम शैलेश कुमार, एसपी अभिनव त्यागी, सीडीओ बालगोविंद शुक्ल, सीएमओ डॉ.संतोष चक समेत अन्य अधिकारियों ने भगवान धन्वंतरि के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। इसके बाद जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों व योग साधकों ने सामूहिक योगाभ्यास कर योग के प्रति प्रतिबद्धता जताई। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण व हरित जीवनशैली का संदेश भी दिया गया। इस वर्ष की थीम का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों के शारीरिक, मानसिक व भावनात्मक स्वास्थ्य को मजबूत कर उन्हें सक्रिय जीवन के लिए प्रेरित करना है।

डीएम शैलेश कुमार ने कहा कि योग भारत की प्राचीनतम सांस्कृतिक व वैज्ञानिक विरासत है। यह शरीर, मन व आत्मा के समग्र विकास का माध्यम है। नियमित योग तनावमुक्त व ऊर्जावान बनाता है। भागदौड़ भरी जीवनशैली में करें योग, रहें निरोग को दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने की जरूरत है। जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी ने योग को स्वस्थ जीवन का आधार बताया। भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मिश्र ने योग को भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर व भारत की वैश्विक पहचान कहा। एसपी अभिनव त्यागी ने योग को तनाव कम करने व एकाग्रता बढ़ाने में सहायक बताया। सीडीओ बालगोविंद शुक्ल ने कहा कि योग सुख, शांति व अनुशासन का मार्ग प्रशस्त करता है। योग सप्ताह के समन्वयक डॉ.बृजराज पटेल, डॉ.अनूप मिश्रा, डॉ.जितेन्द्र व डॉ.शरद के निर्देशन में स्कूलों, कॉलेजों, कार्यालयों व सार्वजनिक स्थलों पर योगाभ्यास, स्वास्थ्य जागरूकता अभियान, संगोष्ठी व जनसंपर्क कार्यक्रम होंगे। आयुष विभाग ने जनपदवासियों से 21 जून के मुख्य समारोह में बड़ी संख्या में शामिल होकर योग को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत मसौनी, विकास खण्ड भांवरकोल, गाजीपुर**

पत्रांक- मेमो/अनि0/ग्राम पं0कार्य/वर्ष-2026-27 दिनांक - 15/6/2026

**निविदा सूचना**

विकास खण्ड **भांवरकोल** के ग्राम पंचायत **मसौनी** में वित्तीय वर्ष 2026-2027 में ग्राम निधि/ पंचम वित्त/ राज्य वित्त/ 15वां वित्त/ओडी एफ प्लस /सामुदायिक शौचालय/ पंचायत भवन/ आंगनवाड़ी केन्द्र/ स्वच्छ भारत मिशन के तहत सामग्री/ मनरेगा/ ग्राम निधि 6/ विधायक निधि एवं सांसद निधि/ एसबीएस-2 तथा अन्य निधियों से प्राप्त धनराशि के सापेक्ष निर्माण कार्य कराये जाने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक **16-06-2026** से दिनांक **22-06-2026** तक कार्यालय दिवस में अपराह्न 11 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबंद निविदा जमा कर सकते हैं। जो दिनांक **23-06-2026** को निविदा हेतु गठित कमेटी ग्राम प्रधान /ग्राम पंचायत अधिकारी के सामने अपराहन 1 बजे तक खोली जाएगी। निविदा फर्म के लेटर पैड पर होगी। सामग्रियों का विवरण निम्न प्रकार है **1**- ईट 1500 एम.एम. प्रथम श्रेणी, टाईल्स ईट 275 प्रति हजार, **2**- सीमेंट इंटरलॉकिंग, सीमेंट कंक्रीट ब्लॉक 80 एम.एम., सीमेंट ब्लॉक प्रतिबैग, **3**- मोरंग बालू, महीन बालू, फाइंन सैड, लोकल सेंड, कोर सैंड प्रति घन मीटर, **4**- डाला गिट्टी प्रति घन मीटर, **5**- स्टोन ब्लास्ट पत्थर गिट्टी 224 से 53 एम.एम., **6**- ईट गिट्टी, **7**- सरिया, समोसन, ग्रील एंगल लोहा, **8**- पेंट, डिस्टेंपर, प्राइमर, डीपी पाउडर, स्ट्रीट लाइट, **9**- दरवाजा, खिड़की, वायर सप्लाई, विद्युतीकरण, रोशनदान, **10**-गैलेनाइज्ड करकट, राज करकट तथा अन्य सामग्री, **11**- इंडियामार्ट का टू हैंड पंप सेट, ह्यूम पाइप, तिपहिया टोटों वाहन, स्ट्रीट लाइट सोलर लाइट, **12**- शौचालय निर्माण में लगने वाले सभी सामग्री। प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है।

**राजकुमार यादव**
**सचिव/ग्रा0वि0अधि0**
ग्राम पंचायत मसौनी
विकास खण्ड भांवरकोल, गाजीपुर

**सावित्री देवी**
**प्रधान**
ग्राम पंचायत मसौनी
विकास खण्ड भांवरकोल, गाजीपुर

**कार्यालय ग्राम पंचायत ढुढ़िया, विकास खण्ड भांवरकोल, गाजीपुर**

पत्रांक- मेमो/अनि0/ग्राम पं0कार्य/वर्ष-2026-27 दिनांक - 15/6/2026

**निविदा सूचना**

विकास खण्ड **भांवरकोल** के ग्राम पंचायत **ढुढ़िया** में वित्तीय वर्ष 2026-2027 में ग्राम निधि/ पंचम वित्त/ राज्य वित्त/ 15वां वित्त/ओडी एफ प्लस /सामुदायिक शौचालय/ पंचायत भवन/ आंगनवाड़ी केन्द्र/ स्वच्छ भारत मिशन के तहत सामग्री/ मनरेगा/ ग्राम निधि 6/ विधायक निधि एवं सांसद निधि/ एसबीएस-2 तथा अन्य निधियों से प्राप्त धनराशि के सापेक्ष निर्माण कार्य कराये जाने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक **16-06-2026** से दिनांक **22-06-2026** तक कार्यालय दिवस में अपराह्न 11 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबंद निविदा जमा कर सकते हैं। जो दिनांक **23-06-2026** को निविदा हेतु गठित कमेटी ग्राम प्रधान /ग्राम पंचायत अधिकारी के सामने अपराहन 1 बजे तक खोली जाएगी। निविदा फर्म के लेटर पैड पर होगी। सामग्रियों का विवरण निम्न प्रकार है **1**- ईट 1500 एम.एम. प्रथम श्रेणी, टाईल्स ईट 275 प्रति हजार, **2**- सीमेंट इंटरलॉकिंग, सीमेंट कंक्रीट ब्लॉक 80 एम.एम., सीमेंट ब्लॉक प्रतिबैग, **3**- मोरंग बालू, महीन बालू, फाइंन सैड, लोकल सेंड, कोर सैंड प्रति घन मीटर, **4**- डाला गिट्टी प्रति घन मीटर, **5**- स्टोन ब्लास्ट पत्थर गिट्टी 224 से 53 एम.एम., **6**- ईट गिट्टी, **7**- सरिया, समोसन, ग्रील एंगल लोहा, **8**- पेंट, डिस्टेंपर, प्राइमर, डीपी पाउडर, स्ट्रीट लाइट, **9**- दरवाजा, खिड़की, वायर सप्लाई, विद्युतीकरण, रोशनदान, **10**-गैलेनाइज्ड करकट, राज करकट तथा अन्य सामग्री, **11**- इंडियामार्ट का टू हैंड पंप सेट, ह्यूम पाइप, तिपहिया टोटों वाहन, स्ट्रीट लाइट सोलर लाइट, **12**- शौचालय निर्माण में लगने वाले सभी सामग्री। प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है।

**राजकुमार यादव**
**सचिव/ग्रा0वि0अधि0**
ग्राम पंचायत ढुढ़िया
विकास खण्ड भांवरकोल, गाजीपुर

**विनय कुमार सिंह यादव**
**प्रधान**
ग्राम पंचायत ढुढ़िया
विकास खण्ड भांवरकोल, गाजीपुर

**कार्यालय ग्राम पंचायत मिश्रवलिया, विकास खण्ड भांवरकोल, गाजीपुर**

पत्रांक- मेमो/अनि0/ग्राम पं0कार्य/वर्ष-2026-27 दिनांक - 15/6/2026

**निविदा सूचना**

विकास खण्ड **भांवरकोल** के ग्राम पंचायत **मिश्रवलिया** में वित्तीय वर्ष 2026-2027 में ग्राम निधि/ पंचम वित्त/ राज्य वित्त/ 15वां वित्त/ओडी एफ प्लस /सामुदायिक शौचालय/ पंचायत भवन/ आंगनवाड़ी केन्द्र/ स्वच्छ भारत मिशन के तहत सामग्री/ मनरेगा/ ग्राम निधि 6/ विधायक निधि एवं सांसद निधि/ एसबीएस-2 तथा अन्य निधियों से प्राप्त धनराशि के सापेक्ष निर्माण कार्य कराये जाने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक **16-06-2026** से दिनांक **22-06-2026** तक कार्यालय दिवस में अपराह्न 11 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबंद निविदा जमा कर सकते हैं। जो दिनांक **23-06-2026** को निविदा हेतु गठित कमेटी ग्राम प्रधान /ग्राम पंचायत अधिकारी के सामने अपराहन 1 बजे तक खोली जाएगी। निविदा फर्म के लेटर पैड पर होगी। सामग्रियों का विवरण निम्न प्रकार है **1**- ईट 1500 एम.एम. प्रथम श्रेणी, टाईल्स ईट 275 प्रति हजार, **2**- सीमेंट इंटरलॉकिंग, सीमेंट कंक्रीट ब्लॉक 80 एम.एम., सीमेंट ब्लॉक प्रतिबैग, **3**- मोरंग बालू, महीन बालू, फाइंन सैड, लोकल सेंड, कोर सैंड प्रति घन मीटर, **4**- डाला गिट्टी प्रति घन मीटर, **5**- स्टोन ब्लास्ट पत्थर गिट्टी 224 से 53 एम.एम., **6**- ईट गिट्टी, **7**- सरिया, समोसन, ग्रील एंगल लोहा, **8**- पेंट, डिस्टेंपर, प्राइमर, डीपी पाउडर, स्ट्रीट लाइट, **9**- दरवाजा, खिड़की, वायर सप्लाई, विद्युतीकरण, रोशनदान, **10**-गैलेनाइज्ड करकट, राज करकट तथा अन्य सामग्री, **11**- इंडियामार्ट का टू हैंड पंप सेट, ह्यूम पाइप, तिपहिया टोटों वाहन, स्ट्रीट लाइट सोलर लाइट, **12**- शौचालय निर्माण में लगने वाले सभी सामग्री। प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है।

**राजकुमार यादव**
**सचिव/ग्रा0वि0अधि0**
ग्राम पंचायत मिश्रवलिया
विकास खण्ड भांवरकोल, गाजीपुर

**ममता मिश्रा**
**प्रधान**
ग्राम पंचायत मिश्रवलिया
विकास खण्ड भांवरकोल, गाजीपुर

तरुणमित्र
मंगलवार, 16 जून 2026
संवत- 2083, ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष.- 16

# पुत्र की तरह पाले पौधे को

*सहसा विश्वास नहीं होता है कि कोई व्यक्ति अपनी पीड़ा को आंसुओं में बदलने की जगह हरियाली में बदल दे। मध्यप्रदेश के रीवा जिले के दीनानाथ कोल और उनकी पत्नी ने संतान नहीं होने पर पेड़ों को ही अपनी संतान मान लिया और पिछले 36 साल में 10 हजार से अधिक पौधे न सिर्फ लगाए बल्कि उन्हें पाल-पोसकर वृक्ष भी बनाया। कोल दंपति का यह संकल्प इसलिए भी अहम है क्योंकि 'हरियाली है तो जल है और जल है तो कल है' की सच्चाई को जानते तो सब हैं लेकिन अपने जीवन में इसे अपनाते हुए कर्मशील रहने वाले विरले ही होते हैं।*

*देश में हर बार साल में एक दिन पर्यावरण दिवस के रूप में मनाया जाता है। सरकारी और गैर सरकारी संस्थाएं और आम जनता की ओर से भी इस दिन बड़ी संख्या में पौधरोपण होता है। कुछ लोग एवं संस्थाएं हरियाली बढ़ाने के जतन गंभीरता से कर भी रहे हैं लेकिन रस्मअदायगी भी कम नहीं होती। हर साल पौधरोपण के नाम पर सरकारें करोड़ों रुपए के बजट प्रावधान रखती हैं, लेकिन इसका सदुपयोग पूरी तरह होता दिखता ही नहीं। दिखावे के लिए पौधरोपण करना एक बात है और इन्हें पेड़ बनाना दूसरी बात। 'भ्रष्टाचार की पौध' से कागजों में हरियाली और धरातल पर कुछ नहीं जैसी खबरें आए दिन सुर्खियां बनती है।*

*हाल में राजस्थान में भी कागजों में हरियाली दिखाने का भ्रष्टाचार उजागर हुआ है। प्रारंभिक जांच में पता चला कि पौधरोपण अभियान में बिना पौधे लगाए ही करोड़ों रुपए का भुगतान उठा लिया गया। कागजों में हरियाली दिखाकर करोड़ों रुपए हजम कर जाने के मामले राजस्थान में ही नहीं देश भर में अलग-अलग राज्यों में गाहे-बगाहे सामने आते रहते हैं। अक्सर देखा जाता है कि पौधरोपण अभियान चलाकर पौधे लगाने का काम होता भी है तो उनकी देखभाल ढंग से नहीं की जाती। यही कारण है कि हरियाली आंकड़ों में ज्यादा और धरातल पर कम दिखाई देती है। यदि एक परिवार दस हजार पौधे लगाकर उन्हें पेड़ बनाने का काम कर सकता है तो हजारों कर्मचारियों वाले वन विभाग के माध्यम से यह काम क्यों नहीं हो सकता? हर लगाया गया पौधा प्रकृति को सुरक्षित और हमारे भविष्य को हरा-भरा बनाने की दिशा में एक सार्थक कदम है। वृक्ष, मानव जाति का वह सबसे अच्छा मित्र है जो हमें सिर्फ देता ही है, हमसे कुछ लेता नहीं है। पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ वृक्ष आर्थिक प्रगति में भी भागीदार बन सकते हैं। दीनानाथ कोल के प्रयासों का एक अंश भी सब अनुसरण करने लग जाएं तो इससे अच्छा क्या हो सकता है।*

*ऐसे लोग प्रोत्साहन के साथ-साथ सम्मान के भी हकदार हैं। प्रकृति को और सुंदर बनाना है तो सिर्फ एक दिन की रस्म अदायगी से कुछ नहीं होने वाला। पौधा लगाना ही काफी नहीं उसके वृक्ष बनने तक देखभाल करना अपनी आदत में शुमार करना होगा।*

# लिव-इन रिलेशनशिप, समाज में पनपता विकृत मानसिकता का दौर

आज समाज तीव्र गति से सामाजिक आर्थिक परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। वैश्वीकरण, शहरीकरण, पाश्चात्य जीवनशैली, व्यक्तिगत स्वतंत्रता और तकनीकी विकास ने व्यक्तिगत, पारिवारिक एवं सामाजिक संरचनाओं को गहराई से प्रभावित किया है। इन्हीं परिवर्तनों के बीच लिव-इन रिलेशनशिप एक ऐसी सामाजिक व्यवस्था के रूप में उभरी है, जिसे चाहें या न चाहें, समाज के एक वर्ग में स्वीकार्यता मिलती जा रही है। जो की सामाजिक संरचना के खतरनाक दौर की भविष्य में इंगित करती है। लिव-इन रिलेशनशिप का अर्थ है कि एक स्त्री और पुरुष बिना विवाह के साथ रहें और वैवाहिक जीवन जैसी परिस्थितियों में जीवन व्यतीत करें। यद्यपि इसके समर्थक इसे व्यक्तिगत स्वतंत्रता और आपसी समझ का माध्यम मानते हैं, किंतु इसके विरोधियों का मानना है कि यह व्यवस्था भारतीय सामाजिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों के अनुरूप नहीं है तथा इससे अनेक असामाजिक और पारिवारिक समस्याएँ जन्म ले सकती हैं।

भारतीय समाज की आधारशिला परिवार संस्था रही है। यहां विवाह केवल दो व्यक्तियों का नहीं, बल्कि दो परिवारों का सामाजिक और सांस्कृतिक बंधन माना जाता है। विवाह संबंधों में सामाजिक उत्तरदायित्व, नैतिक प्रतिबद्धता और पारिवारिक स्थायित्व निहित होता है। इसके विपरीत लिव-इन रिलेशनशिप में यह स्थायित्व और सामाजिक उत्तरदायित्व अपेक्षाकृत कम दिखाई देते हैं। यही कारण है कि अनेक बार ऐसे संबंध थोड़े समय बाद समाप्त हो जाते हैं। जब दो व्यक्तियों के बीच मतभेद बढ़ते हैं या जीवन की प्राथमिकताएँ बदलती हैं, तो वे बिना किसी सामाजिक बंधन के अलग हो जाते हैं। इसका प्रभाव केवल उन दोनों व्यक्तियों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि परिवार और समाज पर भी पड़ता है। लिव-इन रिलेशनशिप के समर्थक तर्क देते हैं कि इससे विवाह से पूर्व एक-दूसरे को समझने का अवसर मिलता है और असफल वैवाहिक जीवन की संभावना कम होती है।

किंतु व्यवहारिक स्तर पर अनेक ऐसे उदाहरण सामने आए हैं, जहाँ यह व्यवस्था अस्थिर सिद्ध हुई है। कई बार भावनात्मक शोषण, आर्थिक विवाद, विश्वासघात, घरेलू हिंसा और मानसिक उत्पीड़न जैसी समस्याएँ भी उत्पन्न होती हैं। जब संबंधों में कानूनी और सामाजिक प्रतिबद्धता का अभाव होता है, तब उत्तरदायित्व से बच निकलना अपेक्षाकृत आसान हो जाता है। यही कारण है कि कई बार व्यक्तिगत स्तर पर उत्पन्न विवाद गंभीर अपराधों का रूप भी ले लेते हैं। इन सबके बीच सबसे अधिक चिंता का विषय उन बच्चों का भविष्य है, जो ऐसे संबंधों से जन्म लेते हैं। बच्चे किसी भी समाज और राष्ट्र की अमूल्य धरोहर होते हैं। उनका स्वस्थ मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक विकास परिवार की स्थिरता पर निर्भर करता है। जब माता-पिता के संबंधों में स्थायित्व नहीं होता और वे अलग हो जाते हैं, तो इसका सबसे गहरा प्रभाव बच्चों पर पड़ता है। बाल मन अत्यंत संवेदनशील होता है। माता-पिता के बीच तनाव, झगड़े और अलगाव की स्थिति बच्चों के मन में असुरक्षा, भय और अकेलेपन की भावना पैदा कर देती है। मनोवैज्ञानिकों का मानना है कि बचपन में प्राप्त पारिवारिक वातावरण व्यक्ति के संपूर्ण व्यक्तित्व को प्रभावित करता है। जिन बच्चों को माता-पिता का संयुक्त स्नेह और मार्गदर्शन नहीं मिल पाता, उनमें आत्मविश्वास की कमी, अवसाद, चिंता और व्यवहार संबंधी समस्याएँ विकसित होने की संभावना अधिक रहती है। वे स्वयं को अन्य बच्चों से अलग महसूस कर सकते हैं। कई बार सामाजिक प्रश्नों और पारिवारिक परिस्थितियों के कारण उनके मन में हीनभावना भी उत्पन्न हो जाती है। यह स्थिति उनके शैक्षणिक प्रदर्शन, सामाजिक संबंधों और भविष्य के निर्णयों को प्रभावित कर सकती है। सामाजिक दृष्टि से भी यह विषय महत्वपूर्ण है। परिवार केवल व्यक्ति के पालन-पोषण का केंद्र नहीं, बल्कि संस्कारों का प्रथम विद्यालय भी है। परिवार में ही बच्चे प्रेम, त्याग, अनुशासन, सहयोग और जिम्मेदारी जैसे मूल्यों को सीखते हैं। जब पारिवारिक संरचना कमजोर होती है, तो इन मूल्यों के विकास में बाधा आ सकती है। यह आवश्यक नहीं कि प्रत्येक लिव-इन रिलेशनशिप असफल ही हो, किंतु इसकी अस्थिरता की संभावना पारंपरिक विवाह की अपेक्षा अधिक मानी जाती है। इसलिए समाज के सामने यह चुनौती है कि वह बदलती परिस्थितियों में बच्चों के हितों और उनके भविष्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दे। यह भी सत्य है कि आधुनिक जीवन में व्यक्तिगत स्वतंत्रता का महत्व बढ़ा है। प्रत्येक वयस्क व्यक्ति को अपने जीवन से जुड़े निर्णय लेने का अधिकार है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में किसी की व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अनावश्यक हनन उचित नहीं माना जा सकता। किंतु स्वतंत्रता के साथ उत्तरदायित्व भी जुड़ा होता है। यदि किसी संबंध से बच्चों का जन्म होता है, तो उनकी सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य और भावनात्मक विकास की जिम्मेदारी माता-पिता पर समान रूप से आती है। किसी भी परिस्थिति में बच्चों को उपेक्षा या असुरक्षा का शिकार नहीं होने देना चाहिए।

सरकार और न्यायपालिका ने भी समय-समय पर ऐसे संबंधों से जुड़े बच्चों के अधिकारों की रक्षा के लिए विभिन्न प्रावधान किए हैं। बच्चों को वैधानिक अधिकार, संरक्षण और सम्मान मिलना चाहिए, क्योंकि उनके जन्म की परिस्थितियों के लिए उन्हें जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। समाज का भी यह दायित्व है कि वह ऐसे बच्चों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाए और उन्हें किसी प्रकार के भेदभाव का सामना न करना पड़े। अंततः कहा जा सकता है कि लिव-इन रिलेशनशिप आधुनिक सामाजिक परिवर्तन का एक यथार्थ है, किंतु इसके साथ अनेक सामाजिक, नैतिक और पारिवारिक प्रश्न भी जुड़े हुए हैं। विशेष रूप से बच्चों के भविष्य का प्रश्न इस व्यवस्था का सबसे संवेदनशील पक्ष है। संबंधों की अस्थिरता का सबसे बड़ा मूल्य अक्सर बच्चों को चुकाना पड़ता है। इसलिए आवश्यक है कि व्यक्तिगत स्वतंत्रता और सामाजिक उत्तरदायित्व के बीच संतुलन स्थापित किया जाए। किसी भी संबंध का मूल्यांकन केवल वयस्कों की इच्छाओं के आधार पर नहीं, बल्कि उससे प्रभावित होने वाले



बच्चों और समाज के व्यापक हितों को ध्यान में रखकर किया जाना चाहिए। एक स्वस्थ, संवेदनशील और उत्तरदायी समाज वही होगा, जहाँ बच्चों के अधिकार, उनका मानसिक स्वास्थ्य और उनका सुरक्षित भविष्य सर्वोपरि माना जाए।

**संजीव ठाकुर वरिष्ठ पत्रकार, लेखक, चिंतक, स्तंभकार, रायपुर छत्तीसगढ़, 9009 415 415,**

# राम मंदिर में पारदर्शिता की नई अग्नि परीक्षा

***रामलला के चरणों में चढ़ाया गया प्रत्येक रुपया केवल दान नहीं, बल्कि करोड़ों श्रद्धालुओं के विश्वास की अभिव्यक्ति है। यही कारण है कि श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में चढ़ावे के प्रबंधन को लेकर उठे कथित सवालों ने देशभर का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। हालांकि अब तक किसी जांच एजेंसी ने धन की चोरी या गबन की पुष्टि नहीं की है और विशेष जांच दल ( एसआईटी ) की अंतिम रिपोर्ट का इंतजार है, लेकिन पूरे घटनाक्रम ने धार्मिक संस्थानों में वित्तीय पारदर्शिता और जवाबदेही पर नई बहस छेड़ दी है। इस मामले की विशेषता यह भी है कि स्वयं श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने निष्पक्ष जांच का आग्रह किया है। अब निगाहें इस बात पर हैं कि जांच केवल आरोपों की सच्चाई उजागर करेगी या भविष्य के लिए ऐसी मजबूत व्यवस्था भी सुझाएगी, जिससे आस्था की इस अमानत पर फिर कभी कोई प्रश्नचिह्न न लगे***

**-सुरेश गांधी-**

रामलला का भव्य मंदिर करोड़ों सनातन श्रद्धालुओं की आस्था, त्याग और विश्वास का जीवंत प्रतीक है। इस मंदिर की हर ईंट में केवल पत्थर नहीं, बल्कि देश-विदेश के करोड़ों भक्तों की श्रद्धा, समर्पण और भावनाएं जुड़ी हैं। ऐसे में जब मंदिर में चढ़ावे की राशि के प्रबंधन को लेकर कथित अनियमितताओं की खबरें सामने आती हैं, तो यह केवल वित्तीय जांच का विषय नहीं रह जाता, बल्कि करोड़ों लोगों के विश्वास की कसौटी बन जाता है। यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि अब तक किसी भी जांच एजेंसी ने चढ़ावे की चोरी या गबन को अंतिम रूप से सिद्ध नहीं किया है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) अपनी जांच कर रहा है और अंतिम रिपोर्ट अभी आना शेष है। इसलिए किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचना जल्दबाजी होगी। लेकिन इतना अवश्य है कि कुछ कर्मचारियों से पूछताछ, संदिग्ध परिस्थितियों में नकदी बरामद होने की सूचना तथा स्वयं श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट द्वारा निष्पक्ष जांच की मांग ने पूरे मामले को गंभीर बना दिया है। यही इस मामले की सबसे बड़ी विशेषता भी है। सामान्यत: संस्थाएं आरोपों को नकारने में ऊर्जा लगाती हैं, लेकिन यहां ट्रस्ट ने स्वयं जांच की मांग कर यह संदेश देने का प्रयास किया कि रामलला के दरबार में किसी भी प्रकार की अपारदर्शिता स्वीकार नहीं की जाएगी। यह कदम स्वागत योग्य है, क्योंकि आस्था का सबसे बड़ा आधार पारदर्शिता ही होती है। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने भी स्पष्ट किया है कि मंदिर की वित्तीय व्यवस्था का नियमित ऑडिट होता है और बिना जांच पूरी हुए किसी निष्कर्ष पर पहुंचना उचित नहीं होगा। दूसरी ओर, मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेन्द्र मिश्र ने भी कहा है कि जांच में किसी प्रकार की



ढिलाई नहीं बरती जाएगी। दोषी कोई भी हो, कानून अपना कार्य करेगा और यदि व्यवस्था में कहीं कमजोरी है तो उसे भी दूर किया जाएगा। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि एसआईटी केवल दोषी तलाशने तक सीमित रहे या फिर ऐसी व्यवस्था भी विकसित करे जिससे भविष्य में कभी इस प्रकार के आरोप उठने की नौबत ही न आए।

जांच का सबसे महत्वपूर्ण पहलू होना चाहिए मनी ट्रेल। दानपात्र से निकली प्रत्येक राशि किस व्यक्ति के पास गई, किस समय निकली, किस बैंक में कब जमा हुई और रिकॉर्ड से उसका मिलान कैसे हुआ—इसकी वैज्ञानिक पड़ताल आवश्यक है। यदि कहीं एक भी कड़ी टूटती है तो वही जांच का सबसे महत्वपूर्ण बिंदु होगा। सीसीटीवी फुटेज की केवल औपचारिक समीक्षा पर्याप्त नहीं होगी। फुटेज का समय, ड्यूटी रजिस्टर, कर्मचारियों की उपस्थिति, प्रवेश-निकास के रिकॉर्ड और बैंक जमा की रसीदों का आपसी मिलान कराया जाना चाहिए। आधुनिक फॉरेंसिक तकनीकों की सहायता से डिजिटल रिकॉर्ड, मोबाइल डेटा और बैंक लेनदेन की भी जांच होनी चाहिए। यदि किसी कर्मचारी पर संदेह है तो उसकी आय, संपत्ति और हाल के वित्तीय लेनदेन की भी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। साथ ही यह भी देखा जाना चाहिए कि कहीं व्यवस्था की कोई कमजोरी तो ऐसी नहीं थी, जिसने अनियमितता की संभावना पैदा की। यह मामला केवल अतीत की जांच तक सीमित नहीं रहना चाहिए। भविष्य की व्यवस्था भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। राम मंदिर जैसे विश्वस्तरीय धार्मिक केंद्र में दान प्रबंधन पूरी तरह तकनीक आधारित होना चाहिए। दानपात्र खोलने की प्रक्रिया की उच्च गुणवत्ता वाली वीडियो रिकॉर्डिंग अनिवार्य हो। नकदी की गिनती बहुस्तरीय निगरानी में हो। प्रत्येक चरण डिजिटल रूप से दर्ज हो और बैंक में जमा होने तक पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन ट्रैक की जा सके। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित सीसीटीवी निगरानी, इलेक्ट्रॉनिक सील वाले दानपात्र, स्वतंत्र बाहरी ऑडिट, कर्मचारियों का समय-समय पर रोटेशन और दान संबंधी संक्षिप्त वित्तीय विवरण का नियमित सार्वजनिक प्रकाशन जैसी व्यवस्थाएं मंदिर प्रशासन को अपनानी चाहिए। इससे न केवल किसी भी प्रकार की अनियमितता पर रोक लगेगी, बल्कि अफवाहों और दुष्प्रचार की भी गुंजाइश कम होगी। धार्मिक संस्थानों की सबसे बड़ी पूंजी उनकी संपत्ति नहीं, बल्कि लोगों का विश्वास होता है। रामलला के चरणों में अर्पित प्रत्येक रुपया केवल आर्थिक सहयोग नहीं, बल्कि श्रद्धा की अमानत है। इस अमानत की रक्षा केवल ईमानदार व्यक्तियों से नहीं, बल्कि ऐसी मजबूत व्यवस्था से होती है जिसमें किसी व्यक्ति की नीयत से अधिक प्रणाली की पारदर्शिता पर भरोसा किया जा सके। आज करोड़ों श्रद्धालु एसआईटी की रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं। वे केवल यह नहीं जानना चाहते कि दोषी कौन है, बल्कि यह भी देखना चाहते हैं कि भविष्य में उनकी श्रद्धा पर कभी कोई प्रश्नचिह्न न लगे। यदि जांच निष्पक्ष, पारदर्शी और तथ्य आधारित होती है तथा उसके आधार पर व्यवस्थागत सुधार लागू किए जाते हैं, तो यह घटना संकट नहीं बल्कि एक ऐसी सीख साबित होगी जो आने वाले दशकों तक राम मंदिर की गरिमा और विश्वसनीयता को और मजबूत करेगी। आस्था जितनी विराट होती है, जवाबदेही भी उतनी ही कठोर होनी चाहिए। रामलला के दरबार की सबसे बड़ी मर्यादा यही है कि वहां सत्य, पारदर्शिता और विश्वास—तीनों की विजय हो।



## ...आज का दिन...

**मेष**- विचाराधीन योजना को मूर्तरूप में परिणित रचनात्मक कार्यों की ओर रुझान, आय के नवीन स्रोत उपस्थित, प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क, मान-सम्मान में वृद्धि।

**वृषभ**- भाग्योन्नति के नवीन आयाम सुलभ, व्यापार में धन निवेश, मित्रों से विचार-विमर्श, शुभ समाचार की प्राप्ति, परिवार में हर्षोल्लास का वातावरण, धनागम।

**मिथुन**- लाभ का सुअवसर, अधीनस्थ सहयोगियों से सहयोग, भौतिक सुख के साधन सुलभ, जनकल्याण की ओर रुझान, इच्छित पद की प्राप्ति, व्यवधान समाप्त।

**कर्क**- परिस्थितियाँ प्रतिकूल, विशेष परिश्रम के बावजूद अ ांशिक सफलता, अकल्पित घटनाओं से मन अशांत, दूसरों की सलाह मान्य, शत्रु हानि पहुँचाने की कोशिश में।

**सिंह**- अधूरी योजना प्रगति पर, घरेलू वातावरण सुखद, परोपकार की भावना जागृत, सुसंदेश मिलने से खुशी, दर्शनीय स्थलों की यात्रा, उत्तरदायित्व की पूर्ति।

**कन्या**- परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, परिश्रम के अनुरूप सफलता, विवाद का समापन पक्ष में, दाम्पत्य जीवन में प्रगाढ़ता, शत्रु हानि पहुँचाने में विफल, आत्मिक शांति।

**तुला**- इच्छित कार्यों में सफलता, किसी से विचार विनिमय, सुख के साधन उपलब्ध, राजकीय पक्ष से अपेक्षित सहयोग, धर्म के प्रति रुचि, आवागमन में अनुकूलता।

**वृश्चिक**- आरोप-प्रत्यारोप की स्थिति, आकस्मिक व्यय, अशांति का माहौल, परिश्रम के बावजूद प्रगति में संशय, अध्ययन में व्यतिक्रम, वैचारिक स्थिरता, मान-सम्मान।

**धनु**- नवयोजना की शुरुआत, कुछेक समस्याओं का समाधान, वरिष्ठजनों की सलाह, धार्मिक गतिविधियों में अभिरुचि, स्वयं का निर्णय हितकर, अधिक खर्च।

**मकर**- समय संतोषजनक, विचारित कार्य प्रगति पर, किसी उत्सव में सम्मिलित होने का सुयोग, दूसरों के आश्वासनों से मानसिक राहत, आय के स्रोत उपस्थित।

**कुम्भ**- स्वविवेक से लिया गया निर्णय हितकर, शुभ भावनाओं का उदय, आनन्द की अनुभूति, कर्जकी अदायगी, प्रयास सार्थक, विवाद का समापन, पारिवारिक खुशी।

**मीन**- वांछित प्रगति का मार्ग अवरुद्ध, वैचारिक अस्थिरता के कारण कार्यों में व्यतिक्रम, प्रियजनों से निराशा, धनलाभ में कमी, संकल्प-विकल्प की स्थिति, वाहन से भय।

-: श्री विमल जैन :-
हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद् एस-2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, आकांक्षा हास्पिटल के निकट, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002 ( उ0प्र0 )- मो0:-09335414722

## चंदौली

### सोमवती अमावस्या पर गंगा घाटों पर उमड़ा आस्था का सैलाब

**चहनिया ( चंदौली )।** पुरुषोत्तम मास की समाप्ति पर पड़े पावन सोमवती अमावस्या के अवसर पर सोमवार को बलुआ स्थित पश्चिम वाहिनी मां गंगा के तट पर श्रद्धा और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। सुबह से ही हजारों श्रद्धालु गंगा घाटों पर पहुंचकर पवित्र स्नान, पूजा-अर्चना तथा दान-पुण्य में जुटे रहे। धार्मिक मान्यता के अनुसार सोमवती अमावस्या का विशेष महत्व है। इस दिन गंगा स्नान, व्रत, पूजन एवं ब्राह्मणों तथा जरूरतमंदों को दान देने से जीवन में सुख-समृद्धि, यश और मनोकामनाओं की प्राप्ति होती है। इसी विश्वास के साथ महिला, पुरुष, बुजुर्ग और बच्चे दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों से गंगा तट पर पहुंचे और श्रद्धापूर्वक स्नान कर मां गंगा का आशीर्वाद प्राप्त किया।

### खुदाई में निकली शिव-पार्वती व गणेश की प्राचीन प्रतिमा

**चहनिया ( चंदौली )।** क्षेत्र के लच्छू ब्रह्म स्थल परिसर में शौचालय निर्माण के लिए खोदे जा रहे गड्ढे के दौरान एक शिलापट्ट पर भगवान शिव, माता पार्वती एवं भगवान गणेश की प्रतिमा मिलने से क्षेत्र में कौतूहल का माहौल बन गया। प्रतिमा दिखाई देते ही मजदूरों ने कार्य रोक दिया और मंदिर संरक्षक को सूचना दी। सूचना पर पहुंचे मंदिर संरक्षक प्रिंस मिश्रा उर्फ ध्रुव मिश्रा ने शिलापट्ट को गंगाजल से स्नान कराकर विधि-विधान से पूजन-अर्चन कराया। उन्होंने बताया कि पुरुषोत्तम मास की सोमवती अमावस्या के दिन प्रतिमा का मिलना क्षेत्र के लिए सौभाग्य का विषय है। प्रतिमा मिलने की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौके पर पहुंच गए। पूरे दिन दर्शन-पूजन का सिलसिला चलता रहा और लोगों की भीड़ लगी रही। स्थानीय लोगों ने इसे भगवान शिव परिवार की विशेष कृपा और शुभ संकेत बताया।

### जनकल्याण एवं स्वास्थ्य शिविरों में उमड़ा जनसैलाब, लाभ पाकर गदगद हुए लाभार्थी

- **केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर जिलेभर में विशेष शिविरों का आयोजन**
- **स्वास्थ्य जांच के साथ जनकल्याणकारी योजनाओं की दी गई जानकारी**
- **पात्र लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित कर किया गया लाभान्वित**

**चंदौली।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सेवा, संस्कार, सुशासन एवं सम्मान थीम के तहत सोमवार को जनपद के सभी विकास खंडों में जनकल्याण एवं स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी चन्द्र मोहन गर्ग के निर्देशन एवं मुख्य विकास अधिकारी आर. जगत साईं के मार्गदर्शन में आयोजित इन शिविरों में बड़ी संख्या में ग्रामीणों और आमजन ने भाग लिया। शिविरों के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनहितकारी और कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी।




उपस्थित नागरिकों को योजनाओं के लाभ, पात्रता और आवेदन प्रक्रिया से अवगत कराया गया तथा पात्र व्यक्तियों को योजनाओं से जोड़ने की प्रक्रिया भी मौके पर शुरू कराई गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श सेवाएं प्रदान की गईं, वहीं अन्य विभागों ने अपनी-अपनी योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाकर लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित कर लाभान्वित भी किया गया। अधिकारियों ने कहा कि सरकार की मंशा अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने की है। शिविरों में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए स्वास्थ्य सेवाओं और सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त किया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### कृषि विज्ञान केंद्र में योग सप्ताह का शुभारंभ, स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग पर जोर

- **राज्यसभा सांसद दर्शना सिंह ने कहा—योग से ही निरोगी काया संभव**
- **विधायक कैलाश खरवार बोले—योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर**
- **21 जून तक जिलेभर में होंगे जागरूकता एवं योगाभ्यास कार्यक्रम**

**चंदौली।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को कृषि विज्ञान केंद्र परिसर में सात दिवसीय योग सप्ताह का भव्य शुभारंभ हुआ। 15 से 21 जून तक चलने वाले इस आयोजन का मुख्य विषय स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग रखा गया है। कार्यक्रम का उद्घाटन राज्यसभा सांसद दर्शना सिंह, चकिया विधायक कैलाश खरवार, जिलाधिकारी चंद्र मोहन गर्ग, मुख्य विकास अधिकारी आर. जगत साँई तथा अन्य गणमान्य अतिथियों ने भगवान धन्वंतरि के



चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया।

मुख्य अतिथि सांसद दर्शना सिंह ने कहा कि नियमित योगाभ्यास से शरीर निरोग रहता है और विशेष रूप से वृद्धजनों के लिए यह संजीवनी के समान है। उन्होंने लोगों से योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की। विधायक कैलाश खरवार ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं बल्कि मानसिक और आत्मिक शांति का माध्यम है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि आज योग वैश्विक स्तर पर भारतीय संस्कृति की पहचान बन चुका है। कार्यक्रम में योगाचार्यों द्वारा योगाभ्यास कराया गया तथा स्वस्थ जीवनशैली के लिए योग के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई। सप्ताह भर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष योग सत्र आयोजित कर आमजन, खासकर बुजुर्गों को योग के प्रति जागरूक किया जाएगा। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी, कृषि वैज्ञानिक एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

### जानलेवा अगरबत्तियों पर प्रशासन का शिकंजा, बिक्री करते मिले तो होगी कड़ी कार्रवाई

- **अपंजीकृत कीटनाशी युक्त अगरबत्तियों की बिक्री पर तत्काल रोक**
- **दुकानदारों, कीटनाशी विक्रेताओं और पेस्ट कंट्रोल ऑपरेटरों को चेतावनी**
- **मच्छरदानी के उपयोग की प्रशासन ने की अपील**

**चंदौली।** जिला प्रशासन ने मानव स्वास्थ्य के लिए खतरनाक मानी जा रही कुछ विशेष ब्रांड की अगरबत्तियों की बिक्री पर सख्त रुख अपनाया है। जिला कृषि रक्षा अधिकारी विनोद कुमार यादव ने बताया कि प्रदेश में स्वीट नाईट, डायनासोर, श्री डेंगू किलर, स्लीप वेल और कम्फर्ट ब्रांड की अगरबत्तियों में अपंजीकृत कीटनाशी रसायन डीमेफलूचिन और मेपेफलूथ्रिन का प्रयोग किया जा रहा है, जो स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकते हैं। उन्होंने जनपद के सभी किराना दुकानदारों, कीटनाशी विक्रेताओं एवं पेस्ट कंट्रोल ऑपरेटरों को निर्देश दिया है कि ऐसे उत्पादों की बिक्री एवं भंडारण तत्काल बंद करें। निरीक्षण के दौरान प्रतिबंधित अगरबत्तियां मिलने पर संबंधित विक्रेताओं के विरुद्ध कीटनाशी अधिनियम-1968 एवं नियमावली-1971 के तहत कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि वे मच्छरों से बचाव के लिए मच्छरदानी का उपयोग करें और जहरीले रसायनों वाले उत्पादों से दूर रहें। जिला प्रशासन द्वारा इन ब्रांडों की निगरानी बढ़ा दी गई है।

### चकिया में डीआईजी का दौरा : पूर्व नक्सलियों की मुख्यधारा में वापसी की सराहना

**चकिया, चंदौली।** वाराणसी परिक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) ने सोमवार को चकिया क्षेत्र का दौरा कर कानून-व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था और पुलिस-जनता संवाद की समीक्षा की। इस दौरान आयोजित जनचौपाल में उन्होंने स्थानीय नागरिकों से सीधे संवाद स्थापित किया तथा क्षेत्र की जमीनी हकीकत को जानने का प्रयास किया। जनचौपाल को संबोधित करते हुए डीआईजी ने कहा कि थाना प्रभारी से मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र के कई लोग, जो कभी नक्सल आंदोलन से जुड़े थे, आज हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लौट चुके हैं। उन्होंने इसे क्षेत्र में शांति और विकास के लिए सकारात्मक संकेत बताते हुए कहा कि ऐसे लोगों को समाज और प्रशासन का पूरा सहयोग मिलना चाहिए।

डीआईजी ने आधुनिक तकनीक के माध्यम से अपराध नियंत्रण और जनसहभागिता बढ़ाने पर जोर देते हुए WhatsApp Police Bot एवं QR Code आधारित शिकायत प्रणाली की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस व्यवस्था के माध्यम से कोई भी नागरिक अपनी शिकायत या अवैध गतिविधियों की सूचना गोपनीय रूप से पुलिस तक पहुंचा सकता है। शिकायतकर्ता की पहचान पूरी तरह सुरक्षित रहेगी तथा फोटो और वीडियो भी सीधे अपलोड किए जा सकेंगे। उन्होंने कहा कि पुलिस और जनता के बीच विश्वास मजबूत करना समय की आवश्यकता है। इसके लिए जनसंवाद को और प्रभावी बनाया जाएगा। डीआईजी ने स्थानीय लोगों से पुलिसिंग, कानून-व्यवस्था और क्षेत्रीय समस्याओं पर खुलकर सुझाव देने की अपील की। साथ ही पुलिसकर्मियों के आवास, सुविधाओं और कल्याण योजनाओं की भी समीक्षा की। इस अवसर पर पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

### चकिया थाने में डीआईजी का दौरा : जनता, व्यापारियों और जनप्रतिनिधियों से सीधा संवाद, पुलिस व्यवस्था की खुलकर हुई सराहना

- **बार एसोसिएशन, व्यापार मंडल, भाजपा-सपा नेताओं सहित प्रबुद्ध जन रहे मौजूद**
- **महिला शक्ति की प्रभावी भागीदारी ने खींचा ध्यान**
- **बैरक, कार्यालय, आरओ प्लांट व अन्न भंडार का किया निरीक्षण**
- **जवानों, चौकीदारों और फॉलोअरों से मिलकर जानी समस्याएं**

**केसी श्रीवास्तव एड, विनय कुमार राय**

**चकिया, चंदौली।** वाराणसी परिक्षेत्र के डीआईजी ने सोमवार को चकिया थाने का विस्तृत निरीक्षण कर पुलिस व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान समाज के प्रबुद्धजन, प्रतिष्ठित व्यापारी, व्यापार मंडल कोर कमेटी, बार एसोसिएशन के पदाधिकारी, भाजपा एवं सपा के वरिष्ठ नेता सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे। बैठक में डीआईजी ने सभी वर्गों की समस्याओं और सुझावों को गंभीरता से सुना। उपस्थित लोगों ने चकिया पुलिस प्रशासन एवं थाना प्रभारी अर्जुन सिंह के कार्यों की सराहना करते हुए क्षेत्र में बेहतर कानून व्यवस्था की प्रशंसा की। महिला शक्ति की सक्रिय भागीदारी भी चर्चा का केंद्र रही।

निरीक्षण के दौरान डीआईजी ने थाना कार्यालय, बैरक, मालखाना, सीज वाहनों की व्यवस्था, अन्न भंडार गृह तथा रसोई का अवलोकन किया। थाना परिसर में पुन: संचालित किए गए शुद्ध पेयजल आरओ प्लांट की व्यवस्था देखकर संतोष व्यक्त



किया। उन्होंने फॉलोअरों, ग्राम चौकीदारों और नव नियुक्त जवानों से भी मुलाकात की तथा उनकी समस्याएं सुनीं। सलामी देने वाले नए सिपाही से हाथ मिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया। डीआईजी वैभव कृष्ण ने संबंधित अधिकारियों को कर्मचारियों की समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश देते हुए पुलिस-जन संवाद को और मजबूत बनाने पर जोर दिया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक आकाश पटेल, पुलिस क्षेत्र का अधिकारी व चकिया प्रभारी निरीक्षक अर्जुन सिंह भी मौजूद रहे।

# नगर विकास मंत्री ने समीक्षा बैठक कर मानसून से पहले सीवर व नाला सफाई के दिए कड़े निर्देश

## कंचनपुर और सारंग तालाब में विकसित होंगे मियावाकी वन बनेंगे 10 थीम पार्क

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** स्वच्छ व सुंदर काशी की परिकल्पना को साकार करने के लिए नगर निगम अब अत्याधुनिक तकनीक का सहारा लेने जा रहा है। शहर में डोर-टू-डोर कूड़ा उठाने वाले वाहनों में अब कैमरे लगाए जाएंगे। इन कैमरों के माध्यम से न सिर्फ कूड़ा उठान, बल्कि गलियों की सफाई, सड़कों के गड्ढे और दिन में जलने वाली स्ट्रीट लाइटों की भी डिजिटल मॉनिटरिंग की जा सकेगी। सर्किट हाउस सभागार में सोमवार को आयोजित समीक्षा बैठक में नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने शहर की सफाई, सीवर और विकास कार्यों की गहन समीक्षा की। नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने बताया कि वाहनों में कैमरा लगाने का यह पायलट प्रोजेक्ट शुरुआती चरण में पांच वार्डों से शुरू किया जा रहा है। बैठक में नगर आयुक्त ने बताया कि शहर के सभी छोटे-बड़े 386 नालों की सफाई का कार्य लगभग 80 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। खास बात यह है कि इस वर्ष नालों की सफाई की निगरानी ड्रोन कैमरे से कराई गई है। रामनगर और सूजाबाद सहित शहर के 22 वार्डों में सीवर नेटवर्क को दुरुस्त करने और शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए नई पाइपलाइन बिछाने का काम युद्ध स्तर पर शुरू हो गया है। प्रथम चरण में पांच वार्डों में काम शुरू किया जा चुका है, जिसे आगामी दिसंबर या जनवरी माह तक हर हाल में पूरा कर लिया जाएगा।



यूपी के नगर विकास मंत्री ए.के शर्मा सर्किट हाउस में नगर आयुक्त संग समीक्षा बैठक करते हुए

मुख्य अभियंता सुरेश चंद्र ने बताया कि 128 बड़े नालों में से 100 की सफाई हो चुकी है, वहीं एसके चौधरी ने बताया कि 258 छोटे नालों में से 249 नालों की सफाई पूरी कर ली गई है। शेष आठ नालों का काम भी जल्द पूरा हो जाएगा। इसके अलावा, मानसून के दौरान जलजमाव की स्थिति से निपटने के लिए त्वरित कार्रवाई टीम का गठन करने का निर्णय लिया गया है। जलकल के महाप्रबंधक अनूप कुमार सिंह ने बताया कि 72 किमी स्टॉर्म वाटर पाइपलाइन में से जलकल के अधीन आने वाली 20 किमी लाइन की सफाई हो चुकी है। सीवर लाइनों को सुपर सकर और बकेट मशीनों से साफ किया गया है। शहर के सुंदरीकरण को बढ़ावा देने के लिए डोमरी-सूजाबाद की तर्ज पर अब कंचनपुर व सारंग तालाब में भी मियावाकी वन (घने जंगल) विकसित किए जा रहे हैं। नगर विकास मंत्री ने डोमरी-सूजाबाद के मियावाकी वन की सराहना की और निर्देश दिया कि जहां से गारबेज पॉइंट (कूड़े के ढेर) हटाए गए हैं, वहां प्लांटेशन कराकर सुंदरीकरण किया जाए। इसके साथ ही शहर में 10 नए थिमेटिक पार्क विकसित करने के लिए टेंडर प्रक्रिया तेज कर दी गई है। पार्कों की देखभाल के लिए 110 नए मालियों की नियुक्ति की गई है और निगम अब खुद की नर्सरी भी तैयार कर रहा है। समीक्षा बैठक में अपर नगर आयुक्त सीमा पांडेय, अमित कुमार, दुर्गेश मिश्रा, विनोद कुमार गुप्ता, सहायक नगर आयुक्त अनिल कुमार यादव, संयुक्त नगर आयुक्त कृष्ण चंद्र, स्मार्ट सिटी के महाप्रबंधक अमरेंद्र तिवारी, जल निगम के अधीक्षण अभियंता अमित सोनकर सहित नगर निगम, जलकल और जल निगम के सभी आला अधिकारी व अभियंता उपस्थित रहे।

# नमो घाट पर अंतर्राष्ट्रीय योग सप्ताह कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

## □ मंत्रीद्वय सहित सैकड़ों की संख्या में पुरुषों एवं महिलाओं ने योगा प्रोटोकॉल के तहत किया योग

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** नमो घाट पर सोमवार को अलसुबह अंतर्राष्ट्रीय योग सप्ताह कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। जिसके मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के आयुष मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डा. दयाशंकर मिश्र दयालु, विशिष्ट अतिथि प्रदेश के लघु एवं सूक्ष्म उद्योग राज्य मंत्री हंसराज विश्वकर्मा रहे। मंत्रीद्वय सहित नमो घाट पर सैकड़ों की संख्या में उपस्थित पुरुषों एवं महिलाओं ने योगा प्रोटोकॉल के तहत योग टीचर दिनेश कुमार मौर्य एवं योग टीचर आरती सिंह के साथ सभी ने योग किया गया।

अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि आयुष मंत्री डॉ दयाशंकर मिश्र दयालु व विशिष्ट अतिथि एमएसएमई मंत्री हंसराज विश्वकर्मा ने योग को स्वस्थ जीवन, मानसिक संतुलन एवं सकारात्मक सोच का आधार बताते हुए सभी नागरिकों से योग को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि योग भारत की अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर है,



नमो घाट पर योग करते यूपी के आयुष मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र दयालु, राज्य मंत्री हंसराज विश्वकर्मा, सीडीओ प्रखर सिंह सहित अन्य

जो आज पूरे विश्व को स्वस्थ जीवन का मार्ग दिखा रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी वाराणसी प्रखर कुमार सिंह ने किया संचालन पारस यादव पप्पू एवं डा दिपिका दवे ने किया।इस अवसर पर क्षेत्रीय आयुर्वेदिक यूनानी डॉ अरविंद कुमार, डा नितेश श्रीवास्तव, एसडीम पवन कुमार सिंह, बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय यादव, दिनेश यादव, पप्पू, गोवर्धन पूजा समिति अध्यक्ष विनोद यादव गप्पू, आयुष मंत्री के पीआरओ गौरव राठी, आयुष, शिक्षा आदि अन्य विभागों के लोगों सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# शिक्षा व रोजगार का सवाल सबसे बड़ा विषय, होगी आर पार की लड़ाई : विधायक डॉ. पल्लवी पटेल

## अपना दल कमेरावादी एवं विभिन्न छात्र युवा संगठनो ने किया बीएचयू में प्रदर्शन

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** गगन प्रकाश यादव एडवोकेट, प्रदेश महासचिव, अपना दल कमेरावादी ने सोमवार को खबर जारी कर बताया कि नीट समेत अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक एवं धांधली के खिलाफ सोमवार को अपना दल कमेरावादी की शीर्ष नेता व सिराथू विधायक डॉ पल्लवी पटेल के नेतृत्व में विशाल विरोध प्रदर्शन काशी हिंदू विश्वविद्यालय, लंका के मुख्य द्वार से निकलकर प्रधानमंत्री के संसदीय जनसंपर्क कार्यालय की ओर बढ़ा ही था, बैरिकेडिंग लगाकर बलपूर्वक पुलिस वैन में भर लिया गया।



प्रदर्शन के दौरान विधायक डॉ. पल्लवी पटेल को हिरासत में लेती पुलिस

प्रदर्शनकारियों ने नीट पेपर लीक की जांच सीबीआई और न्यायिक प्राधिकारियों की देखरेख में कराए जाने, उत्तर प्रदेश लेखपाल भर्ती परीक्षा में धांधली के आरोपों के मद्देनजर पुन: परीक्षा कराये जाने, यूपीएसआई पारदर्शी परीक्षा की गारंटी हेतु स्कोरकार्ड तत्काल जारी करने, पेपर लीक व धांधली में लिप्त लोगों का नाम सार्वजनिक उजागर करने तथा दोषी एनटीए और अन्य परीक्षा नियंत्रक अधिकारियों को रासुका की कार्यवाही कर जेल भेजने की मांग उठाई। नेतृत्व कर रही अपना दल कमेरावादी की शीर्ष नेता व सिराथू विधायक डॉ पल्लवी पटेल ने कहा कि आज के दौर में शिक्षा एवं रोजगार का सवाल सबसे बड़ा विषय है। शिक्षा व पारदर्शी परीक्षा छात्र युवा को अवसर प्रदान करती है और रोजगार से भविष्य का निर्माण होता है। इसलिए लोकतांत्रिक देश में सरकार की यह जवाबदेही है कि इसके लिए ठोस नीति और अच्छी नियत से उचित व्यवस्था प्रदान करें। परंतु भावनात्मक मुद्दों पर राजनीति कर रही वर्तमान भाजपा सरकार का इन मूलभूत सवालों पर कोई ध्यान नहीं है। जिससे स्थिति बद से बदतर होती जा रही है और युवाओं का आक्रोश चरम की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के पास छात्रों के प्रवेश परीक्षा व परिणाम के साथ ही रोजगार का कोई प्लान नहीं है। जुमलों से सरकार तो बन सकती है, लेकिन उसे लोककल्याणकारी बनाने के लिए डबल इंजन की सरकार को अपने भ्रष्टाचार, धांधली और पेपर लीक पर रोक लगाना होगा। अन्यथा इस देश का युवा अब ज्यादा दिनों तक इस सड़ी-गली व्यवस्था को बर्दाश्त नहीं करेगा, और सड़कों पर आर पार की लड़ाई होगी। उन्होंने मोदी योगी की डबल इंजन की सरकार को सुझाव दिया कि पाकिस्तान, कब्रिस्तान और मुसलमान की राजनीति से बाहर निकलकर शिक्षा, रोजगार एवं लोकतंत्र को मजबूत करने वाली राजनीति की ओर बढ़े, अन्यथा युवाओं की बेरोजगारी, रोजगार के नाम पर अवसरों की लूट और शिक्षा व परीक्षा की धांधली अब उन्हें क्रांति की ओर उद्वेलित कर रही है। उन्होंने कहा कि युवाओं के शिक्षा एवं रोजगार की लड़ाई अनवरत जारी रहेगी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रदेश महासचिव गगन प्रकाश यादव एडवोकेट, राजेश प्रधान, रामशिला पटेल, अजय सिंह, दिलीप पटेल समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे।

# महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ द्वारा केसरिपुर ग्राम में एक सप्ताह योग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 के उपलक्ष्य में महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ द्वारा 17 से 21 जून तक केसरिपुर ग्राम में एक विशेष एक सप्ताहीय योग प्रशिक्षण एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह ग्राम महिला अध्ययन केंद्र द्वारा गोद लिया गया है। कार्यक्रम का संचालन कुलपति प्रो आनंद कुमार त्यागी के संरक्षण, मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में किया जाएगा।





कार्यक्रम के दौरान योग विशेषज्ञों एवं प्रशिक्षकों द्वारा ग्रामीण महिलाओं, युवाओं, वरिष्ठ नागरिकों तथा विद्यार्थियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम, ध्यान एवं तनाव प्रबंधन की तकनीकों का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इस वर्ष के कार्यक्रम की विशेषता गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष योग प्रशिक्षण सत्र होंगे, जिनमें मातृ स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन, प्रसव पूर्व देखभाल तथा स्वस्थ जीवनशैली से संबंधित योग अभ्यासों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जाएगा। विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा गर्भावस्था के विभिन्न चरणों के अनुरूप सुरक्षित एवं लाभकारी योग क्रियाओं का प्रशिक्षण दिया जाएगा।इस कार्यक्रम की संयोजक प्रो वंदना सिन्हा निदेशक महिला अध्ययन केंद्र हैं, जबकि कार्यक्रम समन्वयक प्रो शैला परवीन, समाज कार्य विभाग, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ हैं। इनके नेतृत्व में कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई है तथा विभिन्न विभागों एवं स्थानीय समुदाय के सहयोग से कार्यक्रम को सफल बनाने की व्यापक तैयारियाँ की जा रही हैं। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ प्रशासन ने केसरिपुर ग्राम के सभी नागरिकों, महिलाओं, युवाओं एवं विद्यार्थियों से इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेने और योग को अपने दैनिक जीवन में अपनाने का आह्वान किया है।

### काशी विद्यापीठ में स्नातक पाठ्यक्रमों के प्रवेश आवेदन-पत्र भरने की तिथि 17 जून तक विस्तारित

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में स्नातक पाठ्यक्रमों में सत्र 2026-27 में प्रवेश हेतु समर्थ पोर्टल पर ऑनलाइन प्रवेश आवेदन-पत्र भरने की तिथि बढ़ा दी गई है। कुलसचिव डॉ सुनीता पाण्डेय ने बताया कि कुलपति प्रो आनन्द कुमार त्यागी के आदेशानुसार विश्वविद्यालय परिसर के स्नातक पाठ्यक्रमों में सत्र 2026-27 में प्रवेश हेतु ऑनलाइन प्रवेश आवेदन-पत्र भरने की तिथि 17 जून तक विस्तारित की गई है।

### सुबह 8 बजे से शाम 8 बजे तक खुलेगा केन्द्रीय पुस्तकालय

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में डॉ. भगवान दास केन्द्रीय पुस्तकालय अब सुबह आठ बजे से शाम 08 बजे तक खुली रहेगी। कुलसचिव डॉ. सुनीता पाण्डेय ने बताया कि कुलपति प्रो आनन्द कुमार त्यागी के आदेशानुसार विद्यार्थिया की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए डॉ भगवान दास केन्द्रीय पुस्तकालय के प्रथम तल पर स्थित साइबर लाइब्रेरी एवं अध्ययन हाल को सुबह 08 बजे से शाम 08 बजे तक (अवकाश के दिनों को छोड़कर) संचालित करने की अनुमति प्रदान की गई है।

### महिला आयोग की सदस्य 17 जून को सर्किट हाउस में करेंगी महिला जनसुनवाई

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्या गीता विश्वकर्मा 17 महिला जनसुनवाई करेंगे जून दिन बुधवार को सर्किट हाउस सभागार में पूर्वाहन 11ः00 से महिला जनसुनवाई करेंगी। इसमें महिलाओं से संबंधित घरेलू हिंसा दहेज उत्पीड़न, महिला उत्पीड़न आदि समस्याओं का स्थानीय स्तर पर ही सुनकर समाधान सुनिश्चित कराया जाएगा। राज्य महिला आयोग की सदस्या गीता विश्वकर्मा इस दौरान जन जागरूकता चौपाल लगाकर भी महिलाओं की समस्याओं को सुनेंगी और उसका समाधान भी सुनिश्चित कराएंगी। जन जागरूकता चौपाल में स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किए जाएंगे।

## शादी समारोह में सम्मिलित होने गए युवक की बाइक चोरी

**सुजानगंज।** क्षेत्र के कोंताव गांव निवासी गुलशन कुमार पटेल पुत्र नन्हेंलाल पटेल तारीख 4,6,2026 को अपने घर से शाम को शादी समारोह में सम्मिलित होने देवापुर गांव निवासी राधेश्याम गौतम के घर करीब आठ बजे शाम को पहुंचे थे जलपान करने के उपरांत रात्रि करीब 10:00 बजे के समय खड़ी बाइक की जगह पर देखा वहां पर बाइक नहीं मिली काफी खोज बीन करने के पश्चात थाना सुजानगंज पर लिखित सूचना दिया है पर अभी तक किसी प्रकार की थाना सुजानगंज द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है इस संदर्भ में जानकारी हेतु थाना प्रभारी से संपर्क किया गया तो सी यू जी नं बंद पाया गया।

## गंदगी को लेकर दो पक्षों में मारपीट, प्राथमिकी दर्ज

**मछलीशहर।** कोतवाली क्षेत्र के रामनगर (घघरिया) गांव में मंदिर परिसर के पास फैली गंदगी को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। घटना में दोनों पक्षों के लगभग आठ लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार गांव निवासी मुकेश गुप्ता भैंस चराने गए थे। इसी दौरान मंदिर के पास पड़े गोबर और उससे हुई गंदगी को लेकर पड़ोसी शैलेश गुप्ता के परिवार के लोगों ने पूछताछ की। बातचीत के दौरान दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। कुछ ही देर में दोनों परिवारों के अन्य सदस्य भी मौके पर पहुंच गए, जिससे विवाद बढ़कर मारपीट में तब्दील हो गया। मारपीट में दोनों पक्षों के करीब आठ लोग घायल हुए हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया। प्रभारी उपनिरीक्षक ओमप्रकाश ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है तथा जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## नाबालिग को अगवा कर गुजरात ले जाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**मुंगराबादशाहपुर।** नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर अगवा करने और दुष्कर्म के आरोप में फरार चल रहे युवक को मुंगराबादशाहपुर पुलिस ने गुरुवार शाम गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से अपहृता को भी सकुशल बरामद कर लिया है। आरोपी को मुंगराबादशाहपुर रेलवे स्टेशन के पास से पकड़ा गया। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी मछलीशहर प्रतिमा वर्मा के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष अश्वनी दूबे के नेतृत्व में टीम गठित की गई थी। थाना क्षेत्र के गोविंदासपुर निवासी संतोष कुमार गौतम (23) पुत्र रामसिंह पर पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज था। आरोप है कि संतोष ने नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर पहले प्रयागराज के आर्य समाज मंदिर में शादी की और फिर उसे लेकर गुजरात भाग गया। रविवार शाम करीब 6ः15 बजे मुखबिर की सूचना पर उपनिरीक्षक धनन्जय राय की टीम ने रेलवे स्टेशन के पास से आरोपी को दबोच लिया। उसके साथ पीड़िता भी मौजूद थी। पूछताछ में संतोष ने बताया कि वह किशोरी से दो-तीन साल से प्रेम करता था। दोनों शादी करना चाहते थे। किशोरी के जिद करने पर वह उसे प्रयागराज ले गया और आर्य समाज में शादी कर ली। इसके बाद दोनों गुजरात चले गए। जब पता चला कि किशोरी की मां ने मुकदमा दर्ज कराया है तो वापस लौट रहा था तभी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तारी टीम में थानाध्यक्ष अश्वनी दूबे, चौकी इंचार्ज सतहरिया उ0नि0 धनन्जय राय, का0 संदीप यादव, का0 दिनेश सोनकर व म0का0 अंकिता शामिल रहे।

# वीडियो वायरल करने व तेजाब फेंकने की चेतावनी पर मुकदमा

**मछलीशहर।** कोतवाली क्षेत्र के एक युवक ने दूसरे युवक को फोन कर उसकी बहन से जबरन शादी करने, वीडियो वायरल करने तथा तेजाब फेंकने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित युवक ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि कोतवाली क्षेत्र के दाउदपुर गांव निवासी क्षत्रिय बिंद ने फोन कर उसकी बहन का नाम लेते हुए अभद्र भाषा का प्रयोग किया। आरोप है कि उसने जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए कहा कि वह उसकी बहन से जबरन शादी करेगा। साथ ही यह भी धमकी दी कि उसके पास एक वीडियो है, जिसे वह सोशल मीडिया पर वायरल कर देगा। इसके अलावा तेजाब फेंकने की भी धमकी दी गई। पीड़ित के अनुसार, फोन पर धमकी देने के अगले दिन आरोपित रोडवेज परिसर में मिला और वहां भी जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद उसने कोतवाली पहुंचकर घटना की सूचना दी और तहरीर सौंपी। इस संबंध में कार्यकारी प्रभारी उपनिरीक्षक ओमप्रकाश ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## मुकदमे में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**रामपुर।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना रामपुर पुलिस ने एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह जौनपुर के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी मड़ियाहूँ के पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में यह कार्रवाई की गई। थाना रामपुर पर पंजीकृत मुकदमा संख्या 121/2026, धारा 87 एवं 137(2) बीएनएस से संबंधित वांछित अभियुक्त राकेश पटेल पुत्र स्वर्गीय राजपति पटेल निवासी ग्राम पचरूखी देवी प्रसाद, थाना रामपुर, जनपद जौनपुर को सोमवार को पुलिस टीम द्वारा नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने अभियुक्त को हिरासत में लेकर अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार, उपनिरीक्षक मंजीत कुमार, मुख्य आरक्षी सुरेश सिंह तथा महिला आरक्षी क्षमा त्रिपाठी शामिल रहीं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जनपद में अपराधियों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा और कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# दूसरे दिन भी नहीं लगा हत्यारों का सुराग

**मछलीशहर।** रविवार को बरेला ताल नाले में मिले शव की पहचान नहीं हो सकी है। पहचान नहीं होने के चलते शव का पोस्टमार्टम नहीं हो पाया है।इधर पुलिस मामले में जगह जगह पहचान करने के लिए हाथ पैर मार रही है। रविवार को बरेला ताल से निकले मरी माई मंदिर के पास स्थित नाले में एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ है।व्यक्ति की गला दवाकर हत्या करने के बाद शव का चेहरा पत्थर से कुचल दिया गया जिससे पहचान नहीं हो पाई।पहनावे से ऐसा प्रतीत हो रहा था कि युवक किसी प्राइवेट संस्थान का कर्मचारी था।

सी ओ प्रतिमा वर्मा ने बताया कि पुलिस ढाबा, पेट्रोल पंप,फैक्ट्री आदि स्थानों पर उपलब्ध साक्ष्य के आधार पर शिनाख्त की कोशिश कर रही है।नगर में लगे सी सी टी वी कैमरे की फूटेज खंगाली जा रही है।साथ ही फोटो के आधार पर भी पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।मामले में लोगों से भी पूछताछ जारी हैं।शिनाख्त नहीं होने की स्थिति में शव का पोस्टमार्टम नहीं हो पा रहा है।शव मोर्चरी में सुरक्षित रखा गया है।

## समस्याओं को लेकर कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

**बदलापुर।** भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को यूनियन के तहसील अध्यक्ष डॉ मनोज कुमार की अध्यक्षता में गरीबों किसानों व मजदूरों की समस्याओं को लेकर तहसील प्रांगण में धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री सम्बोधित अपने पांचसूत्रीय मांगों का पत्रक तहसीलदार को सौंपा। किसान यूनियन के कार्य कर्ताओं ने पत्रक में.. तहसील बदलापुर के विकासखंड महराजगंज अंतर्गत ग्राम कोबी में चक मार्ग नं0 188, 270 को बनवाने तथा सरकारी समितियों एवं गोदामों पर खाद बीज एवं कीटनाशक दवाएं उपलब्ध करानेके साथ (3) प्रत्येक ग्रामसभाओं में भूमिहीन पात्र व्यक्तियों को पट्टा दिया जाये। (4) पात्र व्यक्तियों का राशन कार्ड बनाया जाय (5) प्रत्येक ग्राम सभाओं में फॉगिंग कराया जाय आदि की मांग की। मौके पर जिलाध्यक्ष लालचंद यादव, कैलाश नाथ यादव, बड़ेलाल, राम आसरे, सफी सुशीला, मालती, मुंदरी, झलरी, रेनू, रामजनक, मुन्नू, शंकर, विशाल आदि मौजूद रहे।

# ब्लॉक सभागर में जनकल्याण शिविर व लगा स्वास्थ्य मेला

**बदलापुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल नेतृत्व में 12 वर्ष पूर्ण होने पर रविवार को बदलापुर विकास खंड सभागार में जनकल्याण शिविर के साथ स्वास्थ्य मेले काआयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोगों ने उपस्थिति दर्ज कराते हुये सरकार द्वारा जारी विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त की।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बदलापुर नगर पंचायत की अध्यक्ष सीमा सिंह ने कहाकि प्रधानमंत्री की प्रमुख योजना अंत्योदय के संकल्प को साकार करने के लिये सरकारनिरंतरप्रयास रत है। जनकल्याण शिविर के जरिये पात्र लाभार्थियों को सीधे सरकारी योजनाओं से जोड़ा जा रहा है।



जनकल्याण शिविर में भाग लेते लोग।

ताकि विकास की किरण समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके। अध्यक्ष ने कहाकि स्वास्थ्य शिक्षा एवं सामाजिक सुरक्षा तथा रोजगार से जुड़ी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाना सरकार की प्रथम प्राथमिकता है। मेले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉलों पर लोगों को जनहितकारी योजनाओं की जानकारीव आवश्यक परामर्श दिया गया। इस दौरान शिविर में आयेहुये लोगों ने इस पहल की भी सराहना करते हुये इसे जनसेवा के दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। ततपश्चात चेयर मैन ने पर्यावरण के लिये एक महत्व पूर्ण संदेश एक पेड़ मां के नाम अभियान को गति देते हुये ब्लॉक परि सर में पौधारोपण किया। साथ ही उनके नेतृत्व में उप स्थित जनसमूह ने वृक्षारोपण व पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में प्रभारी एडीओ पंचायत व ग्राम विकास अधिकारी रणजीत सिंह, सिंचाई विभाग जेई राजकुमार रंजन तथा भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता मिथिलेश सिंह विनोद शर्मा मिथिलेश मिश्र पवन गुप्ता शिक्षिका यामिनी सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

# एक्सीडेंट में मानवता दिखाने गए युवक के घर पर हमला

## मां-बहन को लाठी-डंडों से पीटा और दी जान से मारने की धमकी

**जंघई।** क्षेत्र के मुबारकपुर गाँव में मानवता दिखाना एक युवक और उसके परिवार को बेहद भारी पड़ गया। सड़क हादसे में घायल लोगों को बचाने पहुँचे युवक को न सिर्फ जान से मारने की धमकी दी गई, बल्कि दबंगों ने उसके घर में घुसकर उसकी माँ और बहन के साथ लाठी-डंडों से मारपीट की और घर में तोड़फोड़ भी की। पुलिस ने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है। दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, मुबारकपुर निवासी अविनाश मौर्या पुत्र मुन्नीलाल मौर्या ने बताया कि दिनांक बुधवार को शाम करीब 7:15 बजे उनके घर के सामने सड़क पर एक हादसा हुआ। ग्राम भिटूना निवासी परमेश तिवारी उर्फ झिलमिट (पुत्र अनन्त लाल तिवारी) ने अपनी पल्सर बाइक से किसी अन्य मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी थी। अविनाश मौर्या जब इंसानियत के नाते बीच-बचाव करने और घायल को बचाने पहुँचे, तो आरोपी परमेश तिवारी भड़क गया। उसने अविनाश को धमकी देते हुए कहा, मौर्या तुम चले जाओ, नहीं तो ठीक नहीं होगा। डर के मारे अविनाश अपने घर लौट आया।

पीड़ित का आरोप है कि इस घटना के करीब 1 घंटे बाद परमेश तिवारी उर्फ झिलमिट, निरहू तिवारी और उनके कुछ अज्ञात साथी लाठी-डंडे लेकर अविनाश के घर आ धमके। दबंगों ने अविनाश की माँ कौशिल्या देवी और बहन चांदनी मौर्या को भद्दी-भद्दी गालियाँ दीं और लाठी-डंडों से उनकी बेरहमी से पिटाई कर दी। हमलावरों ने घर के बाहर खड़ी बाइक और (छप्पर/शेड) को भी लाठी-डंडों से तोड़-फोड़ डाला। घटना के वक्त अविनाश घर के भीतर छिप गया था। जाते-जाते दबंगों ने धमकी दी कि तुम्हारा लड़का जहाँ भी मिलेगा, उसे जान से मार देंगे। घटना के अगले दिन को पीड़ित अविनाश मौर्या की तहरीर पर मीरगंज थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, इस मामले की आधिकारिक जाँच और कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। थानाध्यक्ष अरविंद सिंह का कहना है की मामले की जाँच उपनिरीक्षक/अवर निरीक्षक मायाशंकर दुबे को सौंपी गई है, जो पूरे प्रकरण की तफ्तीश कर रहे हैं। आरोपियों के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।




# टड़ियांव चिकित्सालय का सीडीओ ने किया आकस्मिक निरीक्षण

- 100 शैय्या चिकित्सालय में अनेक दुर्व्यवस्थाओं पर जताई गंभीर नाराजगी
- चिकित्सालय अधीक्षक सहित 44 अधिकारी एवं कर्मचारी मिले अनुपस्थित
- डॉक्टरों एवं कर्मचारियों पर नहीं दिखा अपेक्षित नियंत्रण



100 शैय्या चिकित्सालय का निरीक्षण करते सीडीओ विवेक कुमार श्रीवास्तव

**तरुणमित्र न्यूज**

**मऊ।** मुख्य विकास अधिकारी विवेक कुमार श्रीवास्तव द्वारा सोमवार को प्रातः 9 बजे विकासखंड घोसी स्थित 100 शैय्या चिकित्सालय टड़ियांव का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान चिकित्सालय में स्वास्थ्य सेवाओं एवं व्यवस्थाओं में अनेक गंभीर कमियां पाई गईं, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की।

निरीक्षण के दौरान पाया गया कि दवाओं का समुचित अभिलेखीकरण नहीं किया जा रहा था तथा चिकित्सालय में स्थापित विभिन्न मशीनों का रखरखाव भी संतोषजनक नहीं था। ऑपरेशन थियेटर (ओटी) बंद पाया गया तथा ऑक्सीजन सप्लाई व्यवस्था भी सुचारु रूप से संचालित नहीं थी। ऑक्सीजन प्लांट नियमित रूप से संचालित न होने के कारण पाइपलाइन के माध्यम से वार्डों एवं कमरों तक ऑक्सीजन की आपूर्ति नहीं हो पा रही थी।

मुख्य विकास अधिकारी ने पाया कि चिकित्सालय में मरीजों को भर्ती नहीं किया जा रहा था तथा ओपीडी सेवाएं भी संचालित नहीं थीं। औषधियों की स्टॉक पंजिका अद्यतन नहीं थी तथा शीघ्र एक्सपायर होने वाली दवाओं को पृथक रूप से सुरक्षित नहीं रखा गया था।

चिकित्सालय परिसर एवं भवन की साफ-सफाई की स्थिति भी अत्यंत खराब पाई गई। निरीक्षण के समय कहीं भी सफाई कार्य संचालित नहीं था। तीन मंजिला भवन में व्यापक स्तर पर गंदगी एवं अव्यवस्था पाई गई। परिसर एवं भवन के विभिन्न स्थानों पर घास-फूस उगी हुई थी तथा नियमित सफाई व्यवस्था नहीं की जा रही थी। निरीक्षण में यह भी पाया गया कि चिकित्सालय अधीक्षक का डॉक्टरों एवं कर्मचारियों पर अपेक्षित नियंत्रण नहीं है। वार्डों में लगे बेडों पर पुरानी एवं दागयुक्त बेडशीटें कई दिनों से बिना बदले उपयोग में लाई जा रही थीं। चिकित्सालय की लिफ्ट भी क्रियाशील नहीं पाई गई।

चिकित्सालय में उपलब्ध आधुनिक एक्स-रे मशीन का भी समुचित उपयोग नहीं किया जा रहा था, जिससे उसके खराब होने की आशंका व्यक्त की गई। चिकित्सालय में अधीक्षक सहित 44 अधिकारी एवं कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए अनुपस्थिति के सम्बन्ध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी को उचित कार्यवाही हेतु कड़े निर्देश दिए गए।

मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित अधीक्षक को सभी व्यवस्थाओं में तत्काल सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि यदि चिकित्सालय की व्यवस्थाओं में शीघ्र सुधार नहीं किया गया तो संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने मरीजों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं तत्काल दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

# बीएसआरके कौशल विकास संस्थान में संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह आयोजित

## कौशल और शिक्षा से ही बनेगा आत्मनिर्भर भारत : अरूण कुमार यादव



संगोष्ठी को संबोधित करते राजकीय आईटीआई मऊ के प्रधानाचार्य।

**तरुणमित्र न्यूज**

**मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सोमवार को रामनगर खालिसा स्थित बीएसआरके कौशल विकास संस्थान में संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में युवाओं के कौशल विकास, रोजगार सृजन और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में उनकी भूमिका पर विचार-विमर्श किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन और मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया। संस्थान के प्रबंधक प्रवीण कुमार राय ने मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य जयभीम कुमार, विशिष्ट अतिथि राजकीय आईटीआई मऊ के प्रधानाचार्य अरुण कुमार यादव तथा अन्य अतिथियों को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य अरुण कुमार यादव ने कहा कि बदलते समय में कौशल आधारित शिक्षा युवाओं को रोजगार के साथ आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर कर रही है। उन्होंने विद्यार्थियों से मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि ने केंद्र सरकार की कौशल विकास योजनाओं की जानकारी देते हुए युवाओं को प्रशिक्षण प्राप्त कर स्वरोजगार एवं रोजगार के अवसरों का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

प्रबंधक प्रवीण कुमार राय ने बताया कि संस्थान में टेलीकॉम क्षेत्र से जुड़े युवाओं और उद्यमियों को आधुनिक तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले अभ्यर्थियों के लिए कैम्पस प्लेसमेंट की व्यवस्था भी की जाएगी, जिससे उन्हें रोजगार के बेहतर अवसर मिल सकें। कार्यक्रम का संचालन मोहम्मद शबीब रिजवी ने किया। इस अवसर पर एम.एस.आई. प्रबंधक द्वारिका प्रसाद मिश्र, सुनील यादव, जयप्रकाश पाल, बब्बन यादव, अधिवक्ता अभिषेक राय, उपनिरीक्षक संजय राय, रजनीश राय, कैलाश यादव, उमेश चंद, रामभजन यादव सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, अभिभावक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मजबूत बनाने का आह्वान किया गया।

# केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर प्रभारी मंत्री ने मीडिया से किया संवाद, गिनाई उपलब्धियां



मीडिया को संबोधित करते प्रभारी मंत्री दयाशंकर सिंह

- प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पूरी दुनियां में भारत हो रहा सशक्त : परिवहन मंत्री
- शीघ्र ही चलेगी इलेक्ट्रिक एवं डबल डेकर बसें : दयाशंकर सिंह
- जनपद के समस्त बस डिपो का होगा सुंदरीकरण

**तरुणमित्र न्यूज**

**मऊ।** जनपद के प्रभारी मंत्री दया शंकर सिंह ने सोमवार को कलेक्ट सभागार में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की विकास, विश्वास एवं जनकल्याण की ऐतिहासिक यात्रा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से प्रारम्भ हुई यह यात्रा केवल शासन परिवर्तन नहीं, बल्कि कार्यसंस्कृति, विकास की सोच और जनसेवा के दृष्टिकोण में व्यापक बदलाव का प्रतीक है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश ने सुशासन, पारदर्शिता, गरीब कल्याण, आधारभूत संरचना, राष्ट्रीय सुरक्षा तथा वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां प्राप्त की हैं। प्रभारी मंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 में देश की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर विश्वास व्यक्त किया, वर्ष 2019 में और अधिक बहुमत देकर उस विश्वास को मजबूत किया तथा वर्ष 2024 में लगातार तीसरी बार उन्हें देश की बागडोर सौंपकर यह स्पष्ट संदेश दिया कि देश की जनता विकास, सुशासन और परिणाम आधारित राजनीति में विश्वास रखती है।

परिवहन मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र को धरातल पर उतारते हुए प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है। प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) प्रणाली के माध्यम से करोड़ों लाभार्थियों के खातों में सीधे धनराशि भेजी गई तथा लाखों फर्जी लाभार्थियों को हटाकर लगभग 4.31 लाख करोड़ की धनराशि की बचत की गई। सरकार की नीतियों के परिणामस्वरूप लगभग 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आधारभूत संरचना के क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास हुआ है। राष्ट्रीय राजमार्गों का नेटवर्क वर्ष 2014 के लगभग 91 हजार किलोमीटर से बढ़कर 1.46 लाख किलोमीटर से अधिक हो गया है। देश में प्रतिदिन बनने वाले राजमार्गों की गति तीन गुना से अधिक बढ़ी है। चेनाब रेल पुल, अटल टनल, नया पंबन ब्रिज जैसी परियोजनाओं ने भारत की इंजीनियरिंग क्षमता को वैश्विक पहचान दिलाई है। शहरी परिवहन के क्षेत्र में देश का मेट्रो नेटवर्क तेजी से विस्तारित हुआ है और अब 26 से अधिक शहरों में मेट्रो सेवाएं संचालित हो रही हैं। हवाई संपर्क को बढ़ावा देने के लिए उड़ान योजना के अंतर्गत छोटे शहरों को भी हवाई सेवा से जोड़ा गया है। वर्ष 2014 के बाद 90 से अधिक नए हवाई अड्डों का विकास किया गया है और आज देश में कुल हवाई अड्डों की संख्या 164 से अधिक हो चुकी है। वैश्विक स्तर पर भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा का उल्लेख करते हुए कहा गया कि जी-20 की सफल अध्यक्षता, वैक्सीन मैत्री अभियान, बढ़ता विदेशी निवेश तथा विभिन्न देशों के साथ हुए मुक्त व्यापार समझौते भारत की वैश्विक नेतृत्व क्षमता को प्रदर्शित करते हैं। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस आज विश्व के 177 देशों में मनाया जा रहा है, जो भारत की सांस्कृतिक शक्ति और वैश्विक प्रभाव का प्रतीक है।

पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवालों का उत्तर देते हुए उन्होंने कहा कि शीघ्र ही जनपद मऊ में इलेक्ट्रिक एवं डबल डेकर बस चलेंगी। इसके अलावा जनपद के घोसी, दोहरीघाट एवं मधुबन के बस अड्डा के जीर्णोद्धार एवं सुंदरीकरण का कार्य किया जाएगा। इसके लिए बजट जारी कर दिया गया है। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष मनोज राय, भाजपा जिलाध्यक्ष रामाश्रय मौर्य, मुख्य विकास अधिकारी विवेक कुमार श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी प्रवेंद्र कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं बड़ी संख्या में पत्रकार उपस्थित रहे।

# 'एक जनपद एक उत्पाद' प्रशिक्षण एवं टूलकिट योजना हेतु आवेदन आमंत्रित

**तरुणमित्र न्यूज**

**मऊ।** उपायुक्त उद्योग हरेंद्र प्रताप ने सोमवार को जारी विज्ञप्ति में बताया है कि आयुक्त एवं निदेशक उद्योग के निर्देशानुसार मऊ में एक जनपद एक उत्पाद (ओडीओपी) प्रशिक्षण एवं टूलकिट योजना वर्ष 2026-27 संचालित की जाएगी। जनपद के ओडीओपी उत्पाद वस्त्र (टेक्सटाइल) से जुड़े पारंपरिक हस्तशिल्पियों एवं कारीगरों के कौशल विकास तथा आजीविका सुदृढ़ीकरण के उद्देश्य से यह योजना लागू की जा रही है।

योजना के अंतर्गत पारंपरिक कारीगरों को प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें कुशल बनाया जाएगा। प्रशिक्षण उपरांत पात्र लाभार्थियों को मानदेय के साथ उन्नत प्रकार की टूलकिट भी उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे उनके कार्य की गुणवत्ता एवं उत्पादकता में वृद्धि हो सके। इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से वेबसाइट पर कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया 15 जून से प्रारंभ होकर 04 जुलाई 2026 को सायं 5 बजे तक संचालित रहेगी।

# जनसुनवाई में आये नौ आवेदन में एक निस्तारित

## पालिका की जनसुनवाई में फरियादियों ने दी शिकायतें




खड़े फरियादियों की शिकायतें सुनते ईओ डा. मणि भूषण तिवारी।

**तरुणमित्र न्यूज**

**मऊ।** नगरवासियों की समस्याओं के तत्समय एवं त्वरित समाधान के उद्देश्य से मंत्री नगर विकास विभाग उप्र की पहल पर शासन द्वारा संभव पोर्टल के माध्यम से एवं टोल फ्री नं0 1533 पर "संभव कार्यक्रम" के अन्तर्गत जनसुनवाई के क्रम में सोमवार को नगर पालिका परिषद में अधिशासी अधिकारी डा. मणि भूषण तिवारी ने आगन्तुक आवेदकों द्वारा प्रेषित कुल 9 शिकायतों का अवलोकन किया। उन्होंने मौके पर ही एक शिकायत का निस्तारण करते हुये अन्य 8 शिकायतों को निदान हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को भेज दिया है। जनसुनवाई में निर्माण विभाग से 4, सफाई विभाग से 4 एवं राजस्व विभाग से 1 शिकायतें प्राप्त हुयी हैं। इस प्रकार आज की जनसुनवाई में पालिका को संयुक्त रूप से कुल 9 शिकायतें मिलीं हैं। अधिशासी अधिकारी डा. मणि भूषण तिवारी ने बताया कि जनसुनवाई का उद्देश्य जनहित मामलों के प्रति पारदर्शिता, जवाबदेही और जनता की शिकायतों का समय पर समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि जनसुनवाई के माध्यम से पालिका लक्ष्य के सापेक्ष सभी आगन्तुक शिकायतकर्ताओं को फौरी तौर पर राहत पहुंचाने के लिये मदद करती है।

जनसुनवाई में अवर अभियंता सिविल मनोज कुमार सोनकर व रमेश चन्द, जलकल जे.ई. पंकज कुमार वर्मा, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सत्य प्रकाश व राजीव कुमार शुक्ला, राजस्व निरीक्षक अमृता राय, निर्माण लिपिक धर्मेन्द्र कुमार पाण्डेय, जलकल लिपिक कमलेश कुमार पाण्डेय एवं आगन्तुकगण समेत सम्बन्धित विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे।

# यूपीएसआई भर्ती परीक्षा के अभिलेख एवं मानक परीक्षण प्रक्रिया का एसपी ने किया निरीक्षण

## पूर्ण निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप कराने हेतु दिए आवश्यक निर्देश



अभिलेख सत्यापन का सत्यापन कराते एसपी कमलेश बहादुर

**तरुणमित्र न्यूज**

**मऊ।** पुलिस लाइन में चल रहे उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस भर्ती-2026 के अभिलेख सत्यापन एवं शारीरिक मानक परीक्षण की प्रक्रिया का पुलिस अधीक्षक कमलेश बहादुर द्वारा सोमवार को निरीक्षण किया गया। इस दौरान पुलिस कप्तान ने अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन, पहचान मिलान तथा शारीरिक मानक परीक्षण की प्रक्रिया का गहन अवलोकन किया। साथ एसपी ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भर्ती प्रक्रिया को पूर्ण निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप संपन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक ने भर्ती कार्य में लगे अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक अभ्यर्थी के अभिलेखों का सावधानीपूर्वक परीक्षण किया जाए। भर्ती प्रक्रिया के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, अनुशासन एवं अभ्यर्थियों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने भर्ती प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की अनियमितता अथवा लापरवाही न बरतने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान भर्ती स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों के बैठने, पेयजल, चिकित्सा एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं का भी जायजा लिया गया। भर्ती प्रक्रिया शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी ढंग से संचालित पाई गई। जनपद पुलिस द्वारा भर्ती प्रक्रिया को सकुशल एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने हेतु आवश्यक समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार व क्षेत्राधिकारी लाइन दिनेश दत्त मिश्र मौजूद रहे।

## संक्षिप्त सामाचार

### 28 जून को आयोजित होगा पल्स पोलियो अभियान

**तरुणमित्र न्यूज**

**मऊ।** जनपद में आगामी 28 जून को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के सफल संचालन हेतु जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा समस्त खंड शिक्षा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया है कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार पल्स पोलियो अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जनपद के सभी परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालय 28 जून को प्रातः 8 से सायं 4 बजे तक खुले रहेंगे। संबंधित विद्यालयों में पल्स पोलियो बूथ संचालित करने वाली टीमों के बैठने एवं कार्य करने हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी। उन्होंने निर्देशित किया कि अभियान के दिन रविवार को विद्यालय स्तर पर जागरूकता रैली निकाली जाए तथा बुलावा टोली के माध्यम से 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों को पोलियो बूथ तक लाकर उन्हें पोलियो की खुराक पिलाई जाए। अभियान को सफल बनाने हेतु शिक्षकों एवं संबंधित कार्मिकों से पूर्ण सहयोग प्रदान करने की अपेक्षा की गई है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया है कि पल्स पोलियो अभियान के सफल संचालन हेतु निर्धारित कार्यवाही समयबद्ध रूप से सुनिश्चित कराएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि अभियान के क्रियान्वयन में किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा उदासीनता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### 1.42 लाख मूल्य के 7 गुमशुदा मोबाइल बरामद

**तरुणमित्र न्यूज**

**मऊ।** पुलिस अधीक्षक कमलेश बहादुर, अपर पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार के निर्देशन में साइबर फ्रॉड रोकथाम व जागरूकता तथा गुम मोबाईल बरामदगी के तहत अभियान चलाए जा रहा है। जिसके क्रम में सोमवार को थाना साइबर क्राइम मऊ टीम द्वारा थाना स्थानीय भिन्न भिन्न दिनांक में पोर्टल शिकायतकर्ता की गयी थी। जिसमें अनिल कुमार यादव पुत्र शिवपुजन यादव, रवि कुमार पुत्र नरेन्द्र लाल, आशीष गुप्ता पुत्र रमेश गुप्ता, रोशन सिंह पुत्र जगदीश सिंह, संजीव कुमार पुत्र स्व.मतादिन, पूजा खरवार पुत्री इन्द्रदेव, रजनीश यादव पुत्र रामप्यारे के द्वारा मोबाइल गुमशुदगी दर्ज करायी गयी थी। शिकायत की जाँच के क्रम में गुम मोबाइलों को सीईआइआर पोर्टल की मदद से ट्रेस कर बरामद मोबाईल शिकायतकर्ताओं को सुपुर्द किया गया।

### सर्पदंश से महिला की मौत, ग्रामीणों में भय

**तरुणमित्र न्यूज**

**रतनपुरा (मऊ)।** हलधरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मुबारकपुर चौहान बस्ती निवासी प्रमिला चौहान पत्नी बृज किशोर चौहान की भोर में 5 बजे झाड़ू बर्तन करने के दौरान सर्पदंश से मौत हो गई। इनकी उम्र 40 वर्ष थी, मृतक की तीन पुत्री दो पुत्र हैं, पति बाहर में रहकर प्राइवेट कंपनी में कार्य करते हैं। पंचनामा के दौरान उपस्थित चौकी प्रभारी रतनपुरा संजय कुमार उपाध्याय ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया, मौत की खबर से ग्रामीणों में सनसनी फैल गई है।

### व्यापक चेकिंग अभियान में 420 वाहनों का हुआ चालान

**मऊ।** पुलिस अधीक्षक कमलेश बहादुर के निर्देशन में सोमवार को जनपद के समस्त थाना क्षेत्रान्तर्गत संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनो व यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध व्यापक चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत 37 टीम गठित कर जनपद के 43 स्थानों पर बदल बदलकर लगभग संदिग्ध वाहनों/ व्यक्तियों को चेक किया गया। जहां यातायात के नियमों का पालन न करने पर 420 वाहनों को विभिन्न धाराओ में चालान एवं 04 वाहन को सीज किया गया। साथ ही साथ अन्य लोगों को हिदायत भी दी गयी तथा यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु वाहन चालकों को नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा आमजन से अपील की गई है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें एवं गलत स्थानों पर पार्किंग नही करे तथा सुरक्षित यातायात में सहयोग प्रदान करें।

# 'प्लास्टिक मुक्त मऊ' लक्ष्य हासिल करने हेतु अधिशासी अधिकारी का आह्वान

**तरुणमित्र न्यूज**

**मऊ।** अधिशासी अधिकारी डा. मणि भूषण तिवारी के निर्देश पर नगर पालिका परिषद मऊनाथ भंजन द्वारा शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं पर्यावरण के अनुकूल बनाने के लिये एक और बड़ा कदम उठाया जा रहा है। इस संदर्भ में सिंगल-यूज प्लास्टिक और प्लास्टिक उन्मूलन के खिलाफ चल रहे राष्ट्रव्यापी अभियान के अंतर्गत 'आरंभ 8.0' के तहत सोमवार को मुगलपुरा, शाही कटरा एवं संस्कृत पाठशाला वार्डों में बृहद जागरूकता और प्रवर्तन अभियान चलाया गया।

इस जागरूकता अभियान के दौरान सम्बन्धित वार्डों के आम नागरिकों एवं व्यापारियों को सिंगल-यूज प्लास्टिक के हानिकारक प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। सभी लोगों को कपड़े और जूट के थैलों का उपयोग करने के लिये प्रेरित किया गया। लक्ष्य को पाने हेतु प्रतिबंधित प्लास्टिक व पॉलीथिन थैलों का उपयोग करने और बिक्री करने वालों के खिलाफ चेतावनी जारी करते हुये जब्ती की कार्रवाई भी की गई।

इस संदर्भ में अपनी प्रतिबद्धता जताते हुये अधिशासी अधिकारी ने कहा कि 'प्लास्टिक हटाओ, पर्यावरण बचाओ' का लक्ष्य केवल नगर पालिका की ही जिम्मेदारी नहीं है वरन् यह हम सभी का सामूहिक कर्तव्य है। 'प्लास्टिक मुक्त मऊ, हमारा संकल्प' के संदर्भ में आह्वान करते हुये उन्होंने कहा कि हमें चाहिये कि मिलकर अपने शहर को स्वच्छ और प्लास्टिक-मुक्त बनाने में अपना बहुमूल्य संयुक्त योगदान दें।










संस्थापक सम्पादक- स्व. कैलाशनाथ
तरूणमित्र मीडिया प्रा0लि0 के लिए प्रकाशक योगेन्द्र विश्वकर्मा, मुद्रक एवं सम्पादक **आदर्श कुमार*** द्वारा मीडिया टेक्स्ट प्रा0लि0, रोहनिया जी0टी0 रोड, वाराणसी से मुद्रित एवं 631, उमरपुर हरिबन्धनपुर, जौनपुर से प्रकाशित।
आर.एन.आई पंजीयन सं. 353710/78 (मो0:- 9452984488)
फोनः-समाचार कक्ष-(05452) 358728, 05452-470147
E-mail : tarunjnp@rediffmail.com, tarunjaunpur@gmail.com
* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा उत्पन्न समस्त विवाद जौनपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
मुख्यालयः- 47 धरनीधरपुर, जौनपुर (उ0प्र0)

# पुलिस ने दो अभियुक्त को किया गिरफ्तार

## मुकदमा वापस लेने हेतु वादी पर बना रहा था दबाव

**बलिया।** पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिये चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी दिनेश कुमार शुक्ल के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी बांसडीह जयशंकर मिश्र एवं थानाध्यक्ष मनियर अजय कुमार त्रिपाठी के कुशल नेतृत्व में मनियर पुलिस टीम को मिली सफलता।



उल्लेखनीय है कि वादी मुकदमा द्वारा 20 अप्रैल को थाना मनियर पर अभियुक्त कमला वर्मा उर्फ राज कमल उर्फ मंत्री के विरूध मु0अ0सं0 62/2026 पंजीकृत कराया गया था जिस पर लगातार प्रतिवादीगणों द्वारा वादी मुकदमा के ऊपर मुकदमा सुलह करने के लिए धमकी दिया जा रहा था जिसके सम्बन्ध में वादी मुकदमा द्वारा थाने पर अवगत कराया गया था और लगातार कमला वर्मा के भाई संजय वर्मा, प्रमोद चौहान पु0 स्व0 महगू चौहान सा0 पिण्डारी एवं उसकी बड़ी बहन रीता देवी उसका भांजा नील कमल वर्मा पु0 सर्वदेव वर्मा सा0 पिण्डारी ने धमकी दिया था कि यदि मुकदमा वापस नही लोगे तो तुम्हारी लड़की को उठा ले जायेगें तथा जान से मार देगें। 19 मई को लगभग 3 बजे रात में कमला वर्मा, संजय वर्मा, नील कमल वर्मा पु0गण स्व0 सर्वदेव वर्मा, रीता देवी, प्रमोद चौहान, रीता देवी का बेटा कुछ अन्य अपराधी व्यक्तियों से मिल कर इनके द्वारा मेरी नाबालिक लड़की का अपहरण कर लिया गया है। अत: श्रीमान जी से निवेदन है कि मेरे प्रार्थना पत्र पर मुकदमा दर्ज कर मेरी लड़की को बरामद कराया जाय अन्यथा मुझे आशंका है की मेरी लड़की की हत्या कर दिया जायेगा।

इस सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय द्वारा सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विवेचनात्मक कार्यावाही के क्रम में सोमवार को थाना मनियर पुलिस टीम के उ0नि0 रमेशचन्द्र यादव, उ0नि0 सुधीर चौहान मय हमराह हे0का0 रविप्रकाश पाठक, म0आ0 अर्चना के थाना हाजा से रवाना होकर मु0अ0सं0 81/2026 धारा 137(2),87,351(3), बीएनएस व बढोत्तरी धारा 61(2),64(2) बीएनएस व पाक्सो से सम्बन्धित पीड़िता की बरामदगी व अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु घोघा चट्टी में मामूर थे कि जरिए मुखबीर खास सूचना मिली कि आपके मुकदमे से सम्बन्धित पीड़िता/अपहृता एवं अभियुक्तगण कमला वर्मा उर्फ राजकमल उर्फ मंत्री पुत्र स्व0 सर्वदेव वर्मा,अनिल कमल उर्फ नील कमल वर्मा पुत्र स्व0 सर्वदेव वर्मा निवासीगण पिण्डारी थाना मनियर जनपद बलिया मालगोदाम रोड थाना कोतवाली जनपद बलिया रेलवे स्टेशन के पास हैं, इस सूचना पर मालगोदाम रोड थाना कोतवाली जनपद बलिया से समय करीब 10.00 बजे हिरासत पुलिस में लिया में लेकर पीड़िता को सकुशल बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरूद्ध थाना स्थानीय द्वारा विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए मा0 न्यायालय भेजा गया।

# पुरूषोत्तम मास में एक माह तक चले संकीर्तन अनुष्ठान का आयोजन संपन्न

तरूणमित्र न्यूज

**भांवरकोल ( गाजीपुर )।** क्षेत्र में पुरुषोत्तम मास( मलमास) के दौरान आयोजित पूजा पाठ, पार्थिव पूजन, रुद्राभिषेक, श्री हरिनाम संकीर्तन आदि धार्मिक अनुष्ठानों की पूर्णाहुति हवन पूजन, आरती और प्रसाद वितरण तथा भंडारे के साथ सकुशल संपन्न हो गई। कनुवान गांव स्थित शिव मंदिर पर पिछले एक माह से दिनरात अनवरत चल रहे अखंड श्री हरिनाम संकीर्तन एवं धार्मिक अनुष्ठान की पूर्णाहुति सोमवार को हवन पूजन आरती और विशाल भंडारे के साथ संपन्न हो गई।

लगभग एक माह से मंदिर परिसर में प्रतिदिन भजन-कीर्तन, पूजा-अर्चना और हरिनाम संकीर्तन का आयोजन किया गया। पुरुषोत्तम मास के दौरान




संकीर्तन अनुष्ठान करते विद्वान ब्राह्मण

रात दिन अनवरत चले इस श्री हरिनाम संकीर्तन में श्रद्धालु स्त्री पुरुषों में भक्ति भाव के साथ बढ़चढ़कर भाग लिया। श्री हरिनाम संकीर्तन, भक्ति गीतों और धार्मिक कार्यक्रमों से वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक बना रहा। ग्रामीणों का कहना है कि एक माह तक चले इस धार्मिक आयोजन ने गांव में आध्यात्मिक चेतना और सामाजिक सौहार्द का संदेश दिया है।

# ख्यातिलब्ध साहित्यकार हृदयेश को 27वीं पुण्यतिथि पर दी गयी श्रद्धांजलि

तरूणमित्र न्यूज

**गाजीपुर।** ख्यातिलब्ध साहित्यकार, पत्रकार एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व श्रीकृष्ण राय 'हृदयेश' की 27वीं पुण्य तिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। नगर के नखास स्थित हृदयेश पथ गौतम आश्रम में शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।



वक्ताओं ने हृदयेश के व्यक्तित्व व कृतित्व की चर्चा करते हुए उन्हें राष्टभक्त स्वतंत्रता सेनानी बताते हुए उनके जीवन से सीख लेनने की प्रेरणा दी। हृदयेशजी के कनिष्ठ पुत्र सेवानिवृत कर्नल ब्रह्मानंद राय ने कहा कि अपने मामा शेरपुर निवासी छेदी लाल की प्रेरणा से बाबूजी 16 वर्ष की आयु में ही स्वतंत्रता आन्दोलन से जुड़ गये थे।

सामाजिक चेतना के सरोकार व बहुमुखी प्रतिभा के धनी हृदयेश जी ने वर्ष 1932 मे 22 वर्ष की अवस्था मे पहला काव्य पुस्तक युवक प्रकाशित किया था। उनकी रचित भोजपुरी सतसई भोजपुरी भाषा की मानक कृति है। वहीं 'सत्यासत्य' महाभारत पर आधारित है तो 'नवदीप' रामायण के पात्रों को लेकर आधुनिक परिप्रेक्ष्य में देखने का प्रयास है। उन्होंने 'शंखपुष्पी' में वेदकालीन व्यवस्था का चित्रण किया है। 'लहर लहर लहराए गंगा' खंडकाव्य में गंगा की दुर्दशा और मानव की स्वार्थी प्रवृत्ति का चित्रण है और ' संजीवनी' खंडकाव्य में युवा नेतृत्व की बात कही गई है। हृदयेश जी हिंदी,अंग्रेजी और उर्दू के कई समाचार पत्रों के लेखक व संवाददाता के रुप में अपनी सेवाएं दीं।

उन्होंने 1949 से लोक सेवक साप्ताहिक पत्र का प्रकाशन भी किया। गिरिजा राय ने कहा की पिताजी समय से बहुत पांबद थे उनका हर काम समय देखकर होता था। समय पूछ कर ही वह इस लोक को अलविदा कह गये। भले ही अब वे हमारे बीच नहीं है लेकिन उनकी स्मृतियां आज भी हमारा मार्गदर्शन करती हैं। इस अवसर पर प्राची राय, हिंमाशु, कार्तिक, आयुषी, कौस्तुभ आदि उपस्थित रहे।

# ट्रक की टक्कर से ऑटो चालक समेत दो गंभीर घायल

**आजमगढ़।** जिले के लालगंज देवगांव कोतवाली क्षेत्र में सोमवार भोर में एक सड़क हादसे में ऑटो चालक समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया है। यह हादसा राष्ट्रीय राजमार्ग-233 पर बेसों नदी पुल के पास हुआ। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। वाराणसी से मेंहनगर के धन्नीपुर गांव जा रहे एक ऑटो को पीछे से आए अज्ञात चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद अज्ञात ट्रक चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। घायलों की पहचान ऑटो चालक आशीष चौहान (24) और यात्री राजेश गुप्ता (45) के रूप में हुई है। आशीष चौहान वाराणसी के पंचकोसी सारनाथ के निवासी हैं। राजेश गुप्ता आजमगढ़ के मेंहनगर थाना क्षेत्र के धन्नीपुर गांव के रहने वाले हैं। सूचना मिलने पर पुलिस और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायलों को संयुक्त सौ शैय्या चिकित्सालय लालगंज पहुंचाया। चिकित्सकों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। वहीं इस हादसे के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर कुछ देर के लिए यातायात बाधित रहा।

# हत्या की कोशिश में तीन युवक गिरफ्तार

**आजमगढ़।** जिले के पवई थाना क्षेत्र में युवक को जान से मारने की नीयत से की गई बेरहमी से पिटाई के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने युवक को इतना पीटा कि वह बेहोश हो गया। उसे मृत समझकर उसकी पहचान छिपाने के लिए कपड़े उतारकर घटनास्थल पर छोड़ दिया और कपड़ों को रास्ते में फेंक दिया। पुलिस के अनुसार, 8 जून 2026 को चौकिया गांव निवासी सुशीला देवी ने थाना पवई में तहरीर देकर बताया था कि उनका पुत्र 7 जून की रात करीब 8 बजे घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। अगले दिन सुबह वह गांव के बाहर ट्यूबवेल के पास खड़ंजा मार्ग किनारे अचेत अवस्था में मिला। उसके सिर, चेहरे और गले पर गंभीर चोटों के निशान थे।

मामले में थाना पवई पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई।विवेचना के दौरान पुलिस ने घटना में शामिल तीन युवकों की पहचान की। सोमवार सुबह निरीक्षक अपराध शम्भूनाथ यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर बागबहार पुलिया के पास से हर्ष सिंह निवासी लारपुर गौहर थाना पवई, ओम सिंह निवासी अर्गूपुर कला थाना शाहगंज जौनपुर तथा सक्षम सिंह निवासी छबवा थाना शाहगंज जौनपुर को गिरफ्तार कर लिया। वहीं पुलिस से हुई पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि घटना की रात वे मोटरसाइकिल से जा रहे थे। चौकिया गांव के पास एक युवक नशे की हालत में सड़क के बीच खड़ा था। हॉर्न देने के बावजूद रास्ते से नहीं हटने और बाद में



विवाद होने पर तीनों ने मिलकर उसकी लात-घूंसों, जूतों और चप्पलों से जमकर पिटाई कर दी। मारपीट के बाद युवक बेहोश हो गया, जिसे आरोपियों ने मृत समझ लिया। इसके बाद पहचान छिपाने के लिए उसके कपड़े उतारकर साथ ले गए और रास्ते में फेंक दिए। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर घटना से संबंधित पैंट, जूते, बेल्ट सहित अन्य सामान भी बरामद किया है।

# आधुनिक सुविधाओं से लैस नव निर्मित कलेक्ट्रेट सभागार भवन का डीएम ने किया लोकार्पण

**बलिया।** जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने सोमवार को नव निर्मित कलेक्ट्रेट सभागार भवन का फीता काटकर विधिवत शुभारम्भ किया। आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित इस भवन में सीसीटीवी कैमरे, चार एलईडी स्क्रीन तथा वातानुकूलन (एसी) की व्यवस्था की गई है, जिससे प्रशासनिक कार्यों के संचालन में और अधिक सुविधा मिलेगी। लोकार्पण के अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि नए सभागार भवन के निर्माण से प्रशासनिक बैठकों, समीक्षा कार्यक्रमों एवं विभिन्न सरकारी आयोजनों के आयोजन में सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त यह सभागार प्रशासनिक कार्यों को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और सुव्यवस्थित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# कल्याणकारी योजनाओं को कार्यकर्ता जन-जन तक पहुंचाएं : कृष्ण बिहारी राय

**भांवरकोल( गाजीपुर )।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर ब्लाक मुख्यालय स्थित विधायक स्वर्गीय कृष्णानंद राय स्मृति सभागार में आयोजित त्रिदिवसीय जन कल्याण मेला, स्वास्थ्य /आरोग्य मेले के दूसरे दिन सोमवार को कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एवं भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य कृष्ण बिहारी राय ने सरकार के जन कल्याणकारी योजनाओं की व्यापक जानकारी देते हुए कहा की बहुत सी योजनाओं के लाभ से जानकारी के अभाव में भी पात्र वंचित रह जाते हैं। लगभग सभी योजनाओं की जानकारी विकासखंड स्तर पर लोगों को मिल सकती है। सरकारी कर्मचारी के अलावा पार्टी कार्यकर्ताओं से भी योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने और उसका लाभ पात्र व्यक्तियों को दिलाने में अपना भरपूर सहयोग करने का आह्वान किया। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि आनंद राय मुन्ना ने कहा कि मुख्यालय पर आयोजित इस मेले का भी उद्देश्य यही है कि लोग मेले में आकर सरकारी योजनाओं कृषि, स्वास्थ्य, पशुपालन,समाज कल्याण, सहित ढेर सारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर उनका लाभ उठायें। इस अवसर पर सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण संतोष सिंह कुशवाहा, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुखडेहरा के चिकित्साधिकारी डॉक्टर नीरज चौधरी, स्वच्छता मिशन से धर्मेंद्र कुमार, कृषि विभाग से अनीश गुप्ता, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से विनोद यादव,बाल विकास परियोजना से अंजू सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारी ने अपने-अपने विभाग से संबंधित चुनाव के विषय में व्यापक जानकारी लोगों को दी। इस अवसर पर कृष्ण बिहारी राय, आनंद राय मुन्ना, राजेश मिश्र, विनोद राय, सतीश राय, मनोज पांडेय ,रवीन्द्र नाथ राय, अनिल कुमार राय आदि रहे।

# स्वास्थ्य विभाग बना मूकदर्शक झोलाछाप डॉक्टर काट रहे चांदी

**बेल्थरा रोड ( बलिया )।** तहसील क्षेत्र के आदर्श नगर पंचायत बेल्थरा रोड व ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही अब सवालों के घेरे में है। कोर्ट की फटकार और लगातार हो रही प्राइवेट हास्पिटल में मौतों के बाद भी बेल्थरा रोड में बिना पंजीकरण अस्पतालों व जिनका पंजीकरण है। वहां बिना डाक्टर के चलाया जा रहा है। हास्पिटल हैरानी की बात यह है कि कुछ माह पहले उपजिलाधिकारी समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीयर के अधीक्षक डाक्टर राकेश सिंह के द्वारा विभागीय टीम सिर्फ मौका मुआयना करके लौट गई और अस्पताल संचालक ने इसे ही मानो सरकारी मंजूरी समझ लिया। अब सवाल उठ रहा है कि क्या सिर्फ फाइल जमा कर देने से अस्पताल चलाने का लाइसेंस मिल जाता है।

# करें योग रहें निरोग : बंदियों ने किया योगाभ्यास

तरूणमित्र न्यूज

**गाजीपुर।** प्रदेश सरकार द्वारा संचालित आयुष आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत, जिला कारागार में स्वास्थ्य संवर्धन हेतु शनिवार को योग सत्र का आयोजन किया गया। राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के प्राचार्य प्रो डॉ. राजेंद्र सिंह राजपूत के निर्देशन में योग विशेषज्ञ सुश्री प्रतीक्षा पाण्डेय द्वारा जेल अधीक्षक जगदम्बा प्रसाद दुबे एवं जेलर शेषनाथ यादव की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारम्भ ओम और गायत्री मंत्र के उच्चारण के साथ किया गया। इसके पश्चात एरोबिक म्यूजिक के साथ विभिन्न योग आसनो का अभ्यास कराया गया। अन्त में योग निद्रा और ध्यान के साथ सत्र का समापन किया गया। योगाभ्यास में 10 महिला एवं 100 पुरुष (110 बन्दियों) ने प्रतिभाग किया।



इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि चिंता, तनाव, अनिद्रा को दूर करने में योग एवं ध्यान का विशेष महत्व है। इससे जहां शरीर मे ताजगी और स्फूर्ति आती है वहीं शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता भी सक्रिय होती है। जेल अधिकारियों ने योग के निर्धारित समय पर नियमित प्रयोग पर बल दिया ताकि उसका समुचित लाभ मिल सके।

उल्लेखनीय है कि राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज द्वारा जिला कारागार में बंदियों के लिए नि: शुल्क होम्योपैथिक डिस्पेंसरी भी चलाई जा रही है ताकि उन्हें स्वास्थ्य लाभ मिल सके। इसके साथ ही योग सप्ताह के पूर्व दिवस पर दैनिक जीवन में योग को शामिल करने के लिए बन्दियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है।

इस अवसर उप कारपाल राजेश कुमार, रविन्द्र सिंह, अध्यापक धर्मेंद्र श्रीवास्तव, अभय मौर्य, डॉ इकबाल एवं अन्य स्टॉफ ने सहयोग प्रदान किया।

# शटर तोड़कर घर में चोरी

**आजमगढ़।** जनपद के गंभीरपुर थाना क्षेत्र के मंगरावा रायपुर गांव में रविवार देर रात अज्ञात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। चोर घर के पीछे लगे शटर के रास्ते भीतर घुसे और महिलाओं के सोने-चांदी के आभूषणों से भरे तीन बक्से तथा एक सूटकेस लेकर फरार हो गए। घटना की जानकारी सोमवार सुबह होने पर परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। जानकारी के अनुसार मंगरावा रायपुर निवासी अभिषेक पुत्र रामबली के घर में रविवार देर रात अज्ञात चोर शटर के रास्ते घुस आए। चोरों ने सबसे पहले दो कमरों में सो रही महिलाओं के कमरों का दरवाजा बाहर से बंद कर दिया, ताकि कोई जागकर विरोध न कर सके। इसके बाद वे दूसरे कमरे में पहुंचे और वहां रखे तीन बक्से तथा एक सूटकेस उठा ले गए, जिनमें घर की महिलाओं के सोने-चांदी के आभूषण रखे थे। सोमवार सुबह जब परिवार के लोगों की नींद खुली तो चोरी की घटना का पता चला। सामान गायब देख परिजनों के होश उड़ गए। इसके बाद तत्काल गंभीरपुर पुलिस को सूचना दी गई।

## कार्यालय ग्राम पंचायत साहपुर उर्फ माधोपुर, विकास खण्ड भांवरकोल, गाजीपुर

पत्रांक- मेमो/अनि0/ग्राम पं0कार्य/वर्ष-2026-27 दिनांक - 15/6/2026

### निविदा सूचना

विकास खण्ड **भांवरकोल** के ग्राम पंचायत **साहपुर उर्फ माधोपुर** में वित्तीय वर्ष 2026-2027 में ग्राम निधि/ पंचम वित्त/ राज्य वित्त/ 15वां वित्त/ओडी एफ प्लस /सामुदायिक शौचालय/ पंचायत भवन/ आंगनवाड़ी केन्द्र/ स्वच्छ भारत मिशन के तहत सामग्री/ मनरेगा/ ग्राम निधि 6/ विधायक निधि एवं सांसद निधि/ एसबीएस-2 तथा अन्य निधियों से प्राप्त धनराशि के सापेक्ष निर्माण कार्य कराये जाने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक **16-06-2026** से दिनांक **23-06-2026** तक कार्यालय दिवस में अपराह्न 11 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबंद निविदा जमा कर सकते हैं। जो दिनांक **24-06-2026** को निविदा हेतु गठित कमेटी ग्राम प्रधान /ग्राम पंचायत अधिकारी के सामने अपराहन 1 बजे तक खोली जाएगी। निविदा फर्म के लेटर पैड पर होगी। सामग्रियों का विवरण निम्न प्रकार है **1-** ईट 1500 एम.एम. प्रथम श्रेणी, टाईल्स ईट 275 प्रति हजार, **2-** सीमेंट इंटरलॉकिंग, सीमेंट कंक्रीट ब्लॉक 80 एम.एम., सीमेंट ब्लॉक प्रतिबैग, **3-** मोरंग बालू, महीन बालू, फाइंन सैड, लोकल सेंड, कोर सैंड प्रति घन मीटर, **4-** डाला गिट्टी प्रति घन मीटर, **5-** स्टोन ब्लास्ट पत्थर गिट्टी 224 से 53 एम.एम., **6-** ईट गिट्टी, **7-** सरिया, समोसन, ग्रील एंगल लोहा, **8-** पेंट, डिस्टेंपर, प्राइमर, डीपी पाउडर, स्ट्रीट लाइट, **9-** दरवाजा, खिड़की, वायर सप्लाई, विद्युतीकरण, रोशनदान, **10-**गैलेनाइज्ड करकट, राज करकट तथा अन्य सामग्री, **11-** इंडियामार्ट का टू हैंड पंप सेट, ह्यूम पाइप, तिपहिया टोटों वाहन, स्ट्रीट लाइट सोलर लाइट, **12-** शौचालय निर्माण में लगने वाले सभी सामग्री। प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है।

**राजकुमार यादव**
**सचिव/ग्रा0वि0अधि0**
ग्राम पंचायत साहपुर उर्फ माधोपुर
विकास खण्ड भांवरकोल, गाजीपुर

**कंचन देवी**
**प्रधान**
ग्राम पंचायत साहपुर उर्फ माधोपुर
विकास खण्ड भांवरकोल, गाजीपुर

## कार्यालय ग्राम पंचायत बसनियां, विकास खण्ड भांवरकोल, गाजीपुर

पत्रांक- मेमो/अनि0/ग्राम पं0कार्य/वर्ष-2026-27 दिनांक - 15/6/2026

### निविदा सूचना

विकास खण्ड **भांवरकोल** के ग्राम पंचायत **बसनियां** में वित्तीय वर्ष 2026-2027 में ग्राम निधि/ पंचम वित्त/ राज्य वित्त/ 15वां वित्त/ओडी एफ प्लस /सामुदायिक शौचालय/ पंचायत भवन/ आंगनवाड़ी केन्द्र/ स्वच्छ भारत मिशन के तहत सामग्री/ मनरेगा/ ग्राम निधि 6/ विधायक निधि एवं सांसद निधि/ एसबीएस-2 तथा अन्य निधियों से प्राप्त धनराशि के सापेक्ष निर्माण कार्य कराये जाने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक **16-06-2026** से दिनांक **23-06-2026** तक कार्यालय दिवस में अपराह्न 11 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबंद निविदा जमा कर सकते हैं। जो दिनांक **24-06-2026** को निविदा हेतु गठित कमेटी ग्राम प्रधान /ग्राम पंचायत अधिकारी के सामने अपराहन 1 बजे तक खोली जाएगी। निविदा फर्म के लेटर पैड पर होगी। सामग्रियों का विवरण निम्न प्रकार है **1-** ईट 1500 एम.एम. प्रथम श्रेणी, टाईल्स ईट 275 प्रति हजार, **2-** सीमेंट इंटरलॉकिंग, सीमेंट कंक्रीट ब्लॉक 80 एम.एम., सीमेंट ब्लॉक प्रतिबैग, **3-** मोरंग बालू, महीन बालू, फाइंन सैड, लोकल सेंड, कोर सैंड प्रति घन मीटर, **4-** डाला गिट्टी प्रति घन मीटर, **5-** स्टोन ब्लास्ट पत्थर गिट्टी 224 से 53 एम.एम., **6-** ईट गिट्टी, **7-** सरिया, समोसन, ग्रील एंगल लोहा, **8-** पेंट, डिस्टेंपर, प्राइमर, डीपी पाउडर, स्ट्रीट लाइट, **9-** दरवाजा, खिड़की, वायर सप्लाई, विद्युतीकरण, रोशनदान, **10-**गैलेनाइज्ड करकट, राज करकट तथा अन्य सामग्री, **11-** इंडियामार्ट का टू हैंड पंप सेट, ह्यूम पाइप, तिपहिया टोटों वाहन, स्ट्रीट लाइट सोलर लाइट, **12-** शौचालय निर्माण में लगने वाले सभी सामग्री। प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है।

**राजकुमार यादव**
**सचिव/ग्रा0वि0अधि0**
ग्राम पंचायत बसनियां
विकास खण्ड भांवरकोल, गाजीपुर

**रामनिशान राम**
**प्रधान**
ग्राम पंचायत बसनियां
विकास खण्ड भांवरकोल, गाजीपुर

## कार्यालय ग्राम पंचायत मुंडेरा बुजुर्ग, विकास खण्ड भांवरकोल, गाजीपुर

पत्रांक- मेमो/अनि0/ग्राम पं0कार्य/वर्ष-2026-27 दिनांक - 15/6/2026

### निविदा सूचना

विकास खण्ड **भांवरकोल** के ग्राम पंचायत **मुंडेरा बुजुर्ग** में वित्तीय वर्ष 2026-2027 में ग्राम निधि/ पंचम वित्त/ राज्य वित्त/ 15वां वित्त/ओडी एफ प्लस /सामुदायिक शौचालय/ पंचायत भवन/ आंगनवाड़ी केन्द्र/ स्वच्छ भारत मिशन के तहत सामग्री/ मनरेगा/ ग्राम निधि 6/ विधायक निधि एवं सांसद निधि/ एसबीएस-2 तथा अन्य निधियों से प्राप्त धनराशि के सापेक्ष निर्माण कार्य कराये जाने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक **16-06-2026** से दिनांक **23-06-2026** तक कार्यालय दिवस में अपराह्न 11 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबंद निविदा जमा कर सकते हैं। जो दिनांक **24-06-2026** को निविदा हेतु गठित कमेटी ग्राम प्रधान /ग्राम पंचायत अधिकारी के सामने अपराहन 1 बजे तक खोली जाएगी। निविदा फर्म के लेटर पैड पर होगी। सामग्रियों का विवरण निम्न प्रकार है **1-** ईट 1500 एम.एम. प्रथम श्रेणी, टाईल्स ईट 275 प्रति हजार, **2-** सीमेंट इंटरलॉकिंग, सीमेंट कंक्रीट ब्लॉक 80 एम.एम., सीमेंट ब्लॉक प्रतिबैग, **3-** मोरंग बालू, महीन बालू, फाइंन सैड, लोकल सेंड, कोर सैंड प्रति घन मीटर, **4-** डाला गिट्टी प्रति घन मीटर, **5-** स्टोन ब्लास्ट पत्थर गिट्टी 224 से 53 एम.एम., **6-** ईट गिट्टी, **7-** सरिया, समोसन, ग्रील एंगल लोहा, **8-** पेंट, डिस्टेंपर, प्राइमर, डीपी पाउडर, स्ट्रीट लाइट, **9-** दरवाजा, खिड़की, वायर सप्लाई, विद्युतीकरण, रोशनदान, **10-**गैलेनाइज्ड करकट, राज करकट तथा अन्य सामग्री, **11-** इंडियामार्ट का टू हैंड पंप सेट, ह्यूम पाइप, तिपहिया टोटों वाहन, स्ट्रीट लाइट सोलर लाइट, **12-** शौचालय निर्माण में लगने वाले सभी सामग्री। प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है।

**राजकुमार यादव**
**सचिव/ग्रा0वि0अधि0**
ग्राम पंचायत मुंडेरा बुजुर्ग
विकास खण्ड भांवरकोल, गाजीपुर

**नौशाद अहमद**
**प्रधान**
ग्राम पंचायत मुंडेरा बुजुर्ग
विकास खण्ड भांवरकोल, गाजीपुर










# अब टिकाऊ और अंतिम समझौते की उम्मीद

**प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका-ईरान शांति समझौते का किया स्वागत**



**नई दिल्ली।** अमेरिका-ईरान के बीच शांति समझौते की घोषणा हो चुकी है और शुक्रवार को स्विट्जरलैंड में इस पर हस्ताक्षर होने हैं। इसका दुनिया भर के नेताओं ने स्वागत किया है। इसी क्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि संघर्ष खत्म करने के लिए बनी इस सहमति का वह स्वागत करते हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए उन्होंने लिखा, 'मैं पश्चिम एशिया में संघर्ष को खत्म करने के लिए अमेरिका और ईरान के बीच बनी सहमति का स्वागत करता हूं। इस संघर्ष के कारण दुनिया भर में गंभीर आर्थिक उथल-पुथल हुई है और कई देशों में जान-माल का नुकसान हुआ है।'

उन्होंने आगे लिखा, 'भारत को उ मीद है कि इस सहमति को लागू करने से क्षेत्र में शांति और स्थिरता बहाल करने में मदद मिलेगी और आवाजाही व व्यापार की स्वतंत्रता सुनिश्चित होगी। हम उ मीद करते हैं कि बाकी मुद्दों पर बातचीत से एक टिकाऊ और अंतिम समझौता हो सकेगा।' अमेरिका और ईरान ने तीन महीने से ज्यादा समय से चल रहे विवाद को खत्म करने के लिए एक फ्रेमवर्क समझौते की घोषणा की है। दोनों पक्षों ने पुष्टि की है कि शुक्रवार, 19 जून को स्विट्जरलैंड में एक औपचारिक समझौता ज्ञापन (स्न्न्) पर हस्ताक्षर होने की उ मीद है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, प्रस्तावित डील में मिलिट्री ऑपरेशन खत्म करना, होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोलना और अमेरिकी नौसेना की नाकेबंदी हटाना शामिल है, जबकि ईरान के परमाणु कार्यक्रम को भविष्य की बातचीत के लिए छोड़ दिया गया है। मध्यस्थ की भूमिका निभाने वाले पाकिस्तान ने घोषणा की कि दोनों देश इस बात पर सहमत हो गए हैं कि लेबनान सहित सभी मोर्चों पर सैन्य कार्रवाई को तुरंत और स्थायी रूप से बंद किया जाए।

ट्रंप ने क्या कहा: अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने अपने 'ट्रुथ सोशल' प्लेटफॉर्म पर इस बड़ी कामयाबी की घोषणा करते हुए कहा, 'ईरान के साथ समझौता अब पूरा हो गया है। सभी को बधाई! मैं इसके जरिए होर्मुज स्ट्रेट को बिना किसी शुल्क के खोलने और साथ ही अमेरिकी नौसेना की नाकेबंदी को तुरंत हटाने की मंजूरी देता हूं। दुनिया भर के जहाजो, अपने इंजन चालू करो। तेल का प्रवाह शुरू होने दो!

# किसानों ने नोएडा एयरपोर्ट के लिए दी गई जमीन के बदले मांगी नौकरी

## सीएम योगी आदित्यनाथ बोले- जेवर में आना चाह रहे कुबेर



**नोएडा।** जेवर के जिन किसानों ने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के निर्माण के लिए अपनी जमीन दी, उनकी सोमवार को उत्तर प्रदेश के मु यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात हुई। इन्हीं किसानों ने नोएडा एयरपोर्ट से उड़ान भरने वाली पहली कॉमर्शियल लाइट में सवार होकर लखनऊ पहुंचे। इस अवसर पर सीएम योगी ने कहा, 'अब आप सोचिए कि दिल्ली को फेल करने जा रहे हैं। दुनिया का हर बड़ा व्यक्ति वहां (जेवर) आना चाहता है। आप परी की बात कर रहे थे, अब तो वहां कुबेर आना चाहते हैं।' किसानों इस बीच जमीन अधिग्रहण के समय नौकरी देने के वादे को पूरा करने की भी बात कही।

सीएम ने लखनऊ पहुंचे किसानों से कहा, 'जेवर अब वह जेवर नहीं रहा। इसी क्षेत्र में उत्तरप्रदेश का सबसे अधिक आपराधिक गतिविधियों का क्षेत्र बन गया था। शाम होते ही आवागमन बंद हो जाता था। हर बेटी असुरक्षित थी। किसानों के लिए कोई सुविधा नहीं थी। किसानों का उत्पीड़न होता था, हम इसको देखते थे। सड़क, सुविधा व रोजगार भी नहीं था। ऐसी स्थितियों में दिल्ली के नजदीक जेवर मात्र एक कस्बा था, एक गांव था।' जेवर क्षेत्र के करीब 172 किसान लखनऊ में सीएम योगी से मिलकर धन्यवाद ज्ञापन सौंपने पहुंचे थे। इनमें बड़ी सं या में महिलाएं शामिल हैं। जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने कहा, 'जिन परिवारों ने अपनी पैतृक जमीन राष्ट्रीय हित में दी, आज वही परिवार उसी मिट्टी से आसमान छू रहे हैं। यह किसानों की गरिमा, विकास और बदलते उत्तर प्रदेश की उड़ान है।' नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट सोमवार से पूर्ण रूप से पैसेंजर उड़ानों का संचालन शुरू कर दिया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2021 में इसकी नींव रखी थी और मार्च 2026 में इसका उद्घाटन किया।



















